
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
# आधुनिक समाचार
प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
वर्ष -09 अंक -144 | प्रयागराज, मंगलवार 15 अगस्त, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में असदुद्दीन ओवैसी के घर पर हमला दरवाजे के शीशे टूटे मिले; पुलिस जांच में जुटी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के दिल्ली स्थित आवास पर हमला



होने की आशंका जताई गई है। ओवैसी के घर के दरवाजे पर लगे दो शीशे टूटे हुए पाए गए हैं, पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी असदुद्दीन ओवैसी के दिल्ली स्थित आवास पर बीती रात हमला होने की आशंका जताई गई है। ओवैसी के घर के दरवाजे पर लगे दो शीशे टूटे हुए पाए गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि टूटे शीशे के आसपास कोई पत्थर या कोई दूसरी चीज नहीं मिली। पुलिस ने कहा कि वो इलाके की जांच कर रही है और जांच पूरी होने पर पूरा सच सामने आएग एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि टूटे शीशे के आसपास कोई पत्थर या ऐसी कोई अन्य चीज नहीं मिली अधिकारी ने कहा, पुलिस इलाके की जांच कर रही है और जांच चल रही है। ओवैसी ने फरवरी में आरोप लगाया था कि राष्ट्रीय राजधानी में उनके आवास पर अज्ञात बदमाशों ने हमला किया था और दावा किया था कि 2014 के बाद से यह इस तरह की चौथी घटना है।

## उदयपुर-जयपुर वंदे भारत का सफल ट्रायल किराया जानने के लिए करना पड़ेगा इंतजार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जयपुर।** राजस्थान की तीसरी वंदे भारत ट्रेन का उदयपुर और जयपुर



के बीच ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। रविवार (13 अगस्त) को ट्रायल रन के दौरान ट्रेन ने 110 किमी/घंटे की रफ्तार से 400 किमी की दूरी छह घंटे 40 मिनट में तय की। वहीं, वापसी की यात्रा के दौरान, वंदे भारत निर्धारित समय से लगभग 30 मिनट की देरी से शाम करीब 4.30 बजे जयपुर से रवाना हुई, लेकिन निर्धारित समय से चार मिनट पहले रात 9.56 बजे उदयपुर के सिटी स्टेशन पर पहुंच गई। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, पूरी यात्रा के दौरान कई जगहों पर मवेशियों के झुंड ट्रेन के सामने आ गये। ट्रेन के सामने आए मवेशियों ट्रेन के सामने मवेशियों के आने के चलते ट्रेन की स्पीड कई बार धीमी करनी पड़ी। रेलवे सूत्रों ने बताया कि ट्रेन का परिचालन शेड्यूल अभी जारी नहीं किया गया है। ऐसे में वंदे भारत ट्रेन के किराए की भी घोषणा नहीं की गई है। यात्रियों को किराया जानते के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।वंदे भारत ट्रेन का पूरा शेड्यूल प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की हरी झंडी दिखाने के बाद रेलवे बोर्ड जारी करेगा। हालांकि, बंदे भारत को रविवार को छोड़कर हफ्ते में छह दिन चलाने की योजना है। राजस्थान की तीसरी वंदे भारत ट्रेन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी और इस सेमी हाईस्पीड ट्रेन में आठ कोच और 530 सीटें मौजूद रहेंगी।

## अमेरिकी सांसद रो खन्ना के परिवार का आजादी की लड़ाई से है खास रिश्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 15 अगस्त, 2023 को लाल किले पर होने वाले स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस दौरान कुछ खास विदेशी मेहमानों को आमंत्रित किया गया। दरअसल, इस बार अमेरिका के सांसद रो खन्ना और माइकल वाल्ट्ज स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिस्सा लेने के लिए आए हैं। इस साल स्वतंत्रता दिवस समारोह में अमेरिकी सांसद रो खन्ना और माइकल वाल्ट्ज को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया है। इस मौके पर रो खन्ना ने कहा कि लाल किले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े होकर भारत का स्वतंत्रता दिवस समारोह देखना गर्व की बात है। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके दादा भी लाला लाजपत राय के साथ स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा रहे हैं। रो खन्ना ने समारोह से पहले बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन से मुलाकात की, जिसका अनुभव बताते हुए वे काफी खुश नजर आए। साथ ही, उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में पीएम मोदी के साथ खड़े रहना उनके लिए स्वाभिमान की बात है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से खुद को जोड़ा अमेरिकी सांसद रो खन्ना से मीडिया ने पूछा कि देश के इस राष्ट्रीय समारोह में उन्हें आमंत्रित किया गया, तो इस पर उनका क्या कहना है, इसके जवाब में रो खन्ना ने कहा, ठलाल किले पर समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होना एक गर्व की बात है।ठउन्होंने कहा, ठमेरे दादाजी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाला लाजपत राय के साथ जेल में रह चुके हैं। 1930-1931 के दौरान वो आंदोलनों में काफी सक्रिय थे, ऐसे में कांग्रेस का सदस्य होने के नाते भारत के स्वतंत्रता दिवस समारोह का साक्षी बनना गर्व की बात है।



## सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला भारतीय अंतरिक्ष मिशन अदित्या एल 1

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन जल्द ही सूर्य का अध्ययन करने के लिए पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय ऑब्जर्वेटरी को लांच करेगी। किलोमीटर दूर है। इसरो ने कहा कि एल1 बिंदु के आसपास हेलो कक्षा में रखे गए सैटेलाइट को सूर्य को बिना किसी ग्रहण/ग्रहण के लगातार देखने का एक बड़ा फायदा है। इससे वास्तविक समय



बेंगलुरु मुख्यालय वाली राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने मिशन पर एक अपडेट जारी किया है। इसमें कहा गया है कि यू आर राव सैटेलाइट सेंटर में तैयार किया गया सैटेलाइट आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो के स्पेसपोर्ट पर पहुंच गया है। सूर्य का अध्ययन करने के लिए पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय ऑब्जर्वेटरी को लांच करने के लिए इसरो तैयार है। इस मिशन को सितंबर के पहले सप्ताह में लांच किए जाने की संभावना है। अधिकारी ने बताया की यू आर राव सैटेलाइट सेंटर में तैयार किया गया सैटेलाइट आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्पेसपोर्ट पर पहुंच गया है। बेंगलुरु मुख्यालय वाली राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इसको लेकर अपडेट जारी किया है। इसरो के एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी को बताया कि इस मिशन को सितंबर के पहले सप्ताह में लांच किए जाने की संभावना है। इस मिशन के मुताबिक, स्पेसक्राफ्ट को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज बिंदु 1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखे जाने की उम्मीद है, जो पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव को देखने का अधिक लाभ मिलेगा। स्पेसक्राफ्ट प्रकाशमंडल, क्रोमोस्फीयर और सूर्य की सबसे बाहरी परतों का निरीक्षण करने के लिए सात पेलोड को कैरी करता है। इसके लिए विद्युत चुम्बकीय और कण और चुंबकीय क्षेत्र डिटेक्टरों का उपयोग किया जाता है। स्पेशल विंटेज बिंदु थ1 का उपयोग करते हुए, चार पेलोड सीधे सूर्य को देखेंगे और शेष तीन पेलोड थ1 पर कणों और क्षेत्रों का इन-सीटू अध्ययन करेंगे उम्मीद है कि आदित्य एल1 पेलोड के सूट कोरोनल हीटिंग, कोरोनल मास इजेक्शन, प्री-फ्लेयर और फ्लेयर गतिविधियों और उनकी विशेषताओं, अंतरिक्ष मौसम की गतिशीलता, कण और क्षेत्रों के प्रसार आदि की समस्या को समझने के लिए सबसे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा। आदित्य-एल1 के उपकरणों को सौर वातावरण, मुख्य रूप से क्रोमोस्फीयर और कोरोना का निरीक्षण करने के लिए ट्यून किया गया है, जबकि इन-सीटू उपकरण एल1 पर स्थानीय वातावरण का निरीक्षण करेंगे।

## गणपति संगीत अकादमी मे स्वतंत्रा दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र चेतना संध्या का आयोजन



**( आधुनिक समाचार सेवा )**
**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र चेतना संगीत संध्या का आयोजन् किया गया जीमे मानवी अरोरा नीलजना अरोरा,अविका,कनिका,शिवांश ,सत्यम,आयुष,वायलीन ने प्रतिभाग किया।




























# थरवई काड. बदमाशा से पुलिसका मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, लूट के आभूषण बरामद


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र के हेतापट्टी में लूट और हत्याकांड के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता



मिली है। रविवार को तड़के शाहजहांपुर के खूंखार बदमाशों की नवाबगंज इलाके में पुलिस और एसओजी टीम से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की टीम पर फायरिंग करने वाले दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल बदमाशों को गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना स्थल पर आला अधिकारी पहुंच गए हैं। बदमाशों के कब्जे से आभूषण की दुकान से लूटे हुए गहने और असलहे बरामद हुए हैं। थरवई थाना क्षेत्र के हेतापट्टी बाजार संतोष कुमार केसरवानी की दुकान में जमकर लूटपाट की गई थी। दुकानदार संतोष कुमार और उसकी पत्नी आरती देवी तथा भाई अशोक कुमार केसरवानी की 'जमकर पिटाई भी की गई। घटनास्थल से थोड़ी दूर पर स्थित मार्केट के चौकीदार की हत्या कर दी गई उसकी पत्नी को भी अधमरा कर दिया गया था। बदमाशों ने चौकीदार की नाबालिग नतिनी के साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया था। इस मामले में पुलिस की पांच टीमें बदमाशों की खोजबीन में लगाई गई थीं। साथ ही एसटीएफ की टीम को भी खुलासे के लिए लगा दिया गया था।

# खड़ी ट्रक में कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** हंडिया के उतरांव थाना क्षेत्र के धंशीपुर गांव में रविवार को भोर में खड़ी ट्रक में कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कंटेनर और ट्रक आग का गोला



बन गई। उसके बाद कंटेनर में लाखों की शराब पाई गई।जानकारी के अनुसार रात को लगभग 2:30 बजे धंशीपुर गांव स्थित हाईवे पर एक होटल के सामने खड़ी ट्रक में पीछे से एक कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसे कंटेनर आग का गोला बन गई। कंटेनर में लगी आग की वजह ट्रक भी चपेट में आकर ट्रक और कंटेनर धू-धू कर जलने लगी। सूचना पर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी मय फोर्स मौके पर पहुंचकर तीव्र रूप से जल रही कंटेनर और ट्रक को दमकल बुलाकर बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। ट्रक में गत्ता लदा हुआ था कंटेनर खाली था। लेकिन पुलिस को शराब की गंध आने लगी तो कंटेनर के केबिन में झांका तो वहां भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब का जखीरा दिखाई दिया। फिर पुलिस ने भारी मात्रा में लदी अंग्रेजी शराब को कब्जे में ले लिया। वही कंटेनर में शराब लदी होने की सूचना पर मौके पर तमाशबीनों की भारी भीड़ जमा हो गई जिससे पुलिस ने डंडे पटक कर भगाया। कंटेनर राजस्थान की बताई जा रही है।मौका पाकर कंटेनर मैं बैठे शराब तस्कर भाग निकले।

# रक्तदान कैम्प इलाहाबाद नर्सिंग ब्लड बैंक में लगाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** लायंस क्लब इंटरनेशनल मंडल 321 ई के रक्तदान अधिकारी लायन पंकज महेश्वरी के तत्वावधान में रक्तदान कैम्प इलाहाबाद नर्सिंग ब्लड बैंक में लगाया गया क्षेत्रीय अधिकारी लायन भरत हिरानी ने बताया आज कई कपल ने एक साथ रक्तदान किया जिससे सभी और भी प्रभावित हुए लायन डॉ उमा जायसवाल ने रक्तदान से होने वाले फायदा को बताया साथ ही ये भी कहा कोई भी स्वस्थ व्यक्ति 3 माह में फिर से रक्तदान कर सकता है लायन हिमांशु गुप्ता ने सभी रक्त दाता को पिन से सम्मानित किया लायन हेमा जगमोहन अग्रवाल, प्रीति आशीष चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, रजत, सत्यम आदि 42 लोगों ने रक्तदान किया लायन अनिल जायसवाल, सतीश टण्डन, वेद रतन यादव, उमेश, रागिनी आदि लोग उपस्थित रहे।




# आखिर किसकी सह पर खुले आम जी टी रोड पर बिक रहा है गांजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** कौशाम्बी जनपद के सैनी थाना क्षेत्र के अजुहा, अथसराय जैसे बाजारों में जो नेशनल हाईवे से लगी हुई बाजार हैं यहां खुले आम गांजे का व्यापार किया जा रहा है, अजुहा बाजार चौकी से महज सौ मीटर की दूरी पर भांग के ढेके से खुले आम गांजे की बिक्री की जा रही है जिसकी या तो किसी को जानकारी नहीं या फिर जिम्मेदारों की छत्र छाया में ही इस अवैध व्यापार को धड़ल्ले से चलाया जा रहा है जिससे आज की युवा पीढ़ी इस तरह के नशीले पदार्थों के यादी होते जा रहे हैं। जिसपर समय रहते अंकुश लगाना अत्यंत आवश्यक हो गया है।अब देखना ये है कि जानकारी के बाद जिम्मेदार इस पर क्या कार्यवाही करते हैं।



# पुलिस ने बदमाशों को घेरा तो बदमाशो ने पुलिस पर कई राउंड फायरिंग कर दी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थरवई में लूट और हत्या की वारदात को अंजाम देने वालो की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी जांच में साफ हुआ कि ये वारदात शाहजहांपुर के बदमाशो ने की है और ये गैंग पेशेवर अपराधी है जो इसी तरह रात में घरों में घुस कर लूट पाट करते है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ बदमाश नवाब गंज इलाके में है पुलिस ने बदमाशों को घेरा तो बदमाशो ने पुलिस पर कई राउंड फायरिंग कर दी पुलिस ने भी क्रास फायरिंग की जिसमे दो बदमाशो के पैर में गोली लगी पुलिस ने तुरंत ही एक्शन लिया और 5 लोगो को मौके से पकड़ लिया पकड़े गए लोगो मे 5 महिला भी शामिल है जो इस गिरोह के साथ रहती है और सभी वारदातों में इनका साथ देती थी।पकड़े गए बदमाश पेशेवर अपराधी है ये आधी रात के बाद आउटर के इलाकों में लूट की वारदातों को अंजाम देते थे और



थरवई के हेतापट्टी में भी इन्ही लोगो ने लूट और हत्या की थी पकड़े गए बदमाशो के पास से लूट की रकम और जेवरात भी बरामद हुए है। ये केस पुलिस के लिए काफी चुनौती बना था जिसे पुलिस टीम ने आज साल्व कर लिया इस मामले में पकड़े गए लोगो से पूछ ताछ की गई जिसमें बाकी आरोपियों के बारे में भी पुलिस को सुराग मिला है जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती है। हेतापट्टी थाना थरवई में हुई घटना का सफल अनावरण जनपद शाहजहाँपुर के थाना निगोही स्थित गाँव ईशापुर, मिल्किया के बद्दीक मारवाड़ी घुमन्तू गिरोह द्वारा घटना कारित की गयी थी पुलिस मुठभेड़ में 04 नफर अभियुक्त गिरफ्तार गिरोह के लिये रेकी करने वाली 05 महिला गिरफ्तारलूटे गये जेवरात(सफेद एवं पीली धातु), 73064/- रूपये बरामदशंकरगढ़ में हुयी गिरफ्तारी के कारण पकड़ा गया घटना कारित करने वाला गैंग :दिनांक 11/08/2023 को थाना शंकरगढ़ में गिरफ्तार अभियुक्तों से गहन पूछताछ से मिली लीड एवं मुखबिर की सूचना पर हेतापट्टी थाना थरवई में हुई घटना (मु0अ0सं0-234/23) के सफल अनावरण के लिये चल रहे गहन अभियान में कुछ महत्वपूर्ण दिशा मिली थी। इसी क्रम में थाना थरवई, थाना नवाबगंज व एस0ओ0जी0 गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 13/08/2023 की सुबह समय करीब 03.30 पर लालगोपालगंज, थाना नवाबगंज पर मुठभेड़ में 04 नफर अभियुक्त गिरफ्तार किये गये । मुखबिर की इस सूचना पर कि घटना मे शामिल अभियुक्तगण रेलवे स्टेशन लालगोपालगंज से भोर वाली ट्रेन पकड़ कर लखनऊ की ओर जाने वाले है।

# पुलिस में मचा हड़कंप,जांच में जुटी पुलिस,डॉग स्क्वायड भी मौके पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** कंपनी बाग के गेट नंबर 4 पर बम होने की सूचना से पुलिस में मचा हड़कंप,जांच में जुटी पुलिस,डॉग स्क्वायड भी मौके पर। एहतियात के तौर पर संदिग्ध बम को पानी की बाल्टी में रखकर लेकर गए।प्रथम दृष्टि में किसी छोटे पत्थर के टुकड़े को बांधकर रखा गया था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि बम है। सुरक्षा की दृष्टि से बम दस्ते और डॉग स्कॉट को बुलाया गया। टीम ने जांच पड़ताल के बाद साफ किया को ये बम नहीं है।




# ई-रिक्शे की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रमोद कुमार मिश्रा आईसीआईसीआई पोटेंशियल लाइफ इंश्योरेंस में मैनेजर पद पर काम कर रहे थे।मोटरसाइकिल लेकर शनिवार की रात में वह बेटे की दवा लेने पुलिस लाइन से बालसन चौराहे की तरफ जा रहे थे। आनंद भवन पास उनकी बाइक में ई रिक्शा वाले ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लोगों की मदद से पुलिस ने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां रविवार को उनकी मौत हो गई। ई-रिक्शे वाला मौके से फ़रार हो गया। पुलिस तलाश में है।




# कार्यालय नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र


मा0 प्रधानमंत्री जी


मा0 मुख्यमंत्रा जी



मा0 नगर विकास मंत्री जी

स्वतन्त्रता के 77वां वर्षगाठ अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 11.08.2023 से 17.08.2023 तक हर घर तिरंगा फहरायें।
राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त 2023 स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

समस्त नगर वासियों से नगर पंचायत डाला बाजार निम्न अपेक्षायें करती है--

1. यह नगर आपका है, हमे साफ-सुथरा स्वच्छ बनाए रखने में नगर पंचायत को अपना सहयोग प्रदान करें।
2. प्रतिबन्धित पॉलीथीन/ सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करे।
3. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुचायें। ये निशाकाल में आपके सहयोगी पथ प्रदर्शक है।
4. अपने नगर को प्रदूषण रहित रखें। खुलें में शौच न करें। अपने घरों में शौचालय बनवायें। शौचालय की पाईप लाईन सीधे नालियों में न जोडे। कूडा उठाने के बाद सडकों पर कुडा न फेके।
5. सार्वजनिक भूमि, सडकों, पटरियों एवं नालियों आदि पर आतिक्रमण न करें।
6. नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता हेतु किये जा रहे प्रयासों में सहयोग कर नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनायें।
7. जल ही जीवन है, व्यर्थ में इसे बर्बाद न करें।
8. अपने पालतु ( गाय, बैल, भैस व अन्य ) जानवरों को सडक पर खुला ना छोडे।

यह नगर आपका है। इसे सुन्दर एवं स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करें।


देवहूती पाण्डेय
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत डाला बाजार
सोनभद्र


फूलवन्ती कुमारी
अध्यक्ष
नगर पंचायत डाला बाजार
सोनभद्र



# आधुनिक गेस्ट हाउस

विशेषताएं -
- पूर्णत: वाटर प्रूफ (टीन शेडेड)
- गेस्ट हाउस के भीतर ही पार्किंग की सुविधा
- गेस्ट हाउस के भीतर ही मन्दिर
- सम्पूर्ण गेस्ट हाउस में सीसीटीवी कैमरे की सुविधा
- छोटे-बड़े समस्त कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग रेट
- लगभग 45000 sq. ft. एरिया के हरे-भरे वातावरण में विस्तृत गेस्ट हाउस



आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औद्योगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औद्योगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज
बुकिंग सम्पर्क सूत्र 8816897337, 9415608783, 9415608710
SATYAM # 9305124298

# सावन में पहले झूला व कजरी गीत गाने का प्रचलन धीरे-धीरे खत्म हो रहा है जिसे छात्राओं को जगाने की जरूरत है कौशलेंद्र नारायण सिंह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी/हरहुआ।** पहले सावन में धान की रोपाई में महिलाएं गीत गाती थी और पेड़ों पर झूला डालकर गीत गान करती थी लेकिन अब



धीरे-धीरे का उसका प्रचलन खत्म हो रहा है जिसे जगाने की जरूरत है उक्त बातें बैजलपट्टी स्थित राजेश्वरी बालिका इण्टर कॉलेज में 'सावन में कजरी महोत्सव समारोह' का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि कपिल नारायण पाण्डेय द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया उक्त समारोह में मुख्य अतिथि कपिल नारायण पाण्डेय ने कहा कि मिर्जापुर ,बनारस,जौनपुर की मशहूर कजरी आधुनिक गीतों की चकाचौंध से लुप्त होती जा रही है जिसे जीवंत प्रदान करने की आज सख्त जरूरत है त् उन्होंने यह भी कहा कि कजरी,विवाह गीत, विरहा,मंगलगीत कम से कम सामग्रियों में गाए जाते थे जो जनमानस से जुड़े होते थे त् गीतों के मार्मिक रस में अपनापन झलकता था त् श्री पाण्डेय ने प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को अपने हाथों सम्मानित किया इस समारोह में चार ग्रुपों में बच्चों ने कजरी की मोहक गीतों की प्रस्तुति की त् जिसमे ठकैसे खेलन जाई सावन में कजरिया बदरिया घेर आई ननदीठ ,गीत को प्रथम स्थान तथा द्वितीय एवम तृतीय और सांत्वना पुरस्कार प्रतिभागी छात्राओं को शील्ड , अंगवस्त्रम , स्टेशनरी सामग्री देकर मुख्य अतिथि कपिल नारायण पाण्डेय सम्मानित किया त् कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रबंधक निदेशक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि सावन में कजरी का महत्व अति प्राचीन है जो बरसात के महीने गाया जाता है त् पुराने जमाने में कजरी गीत का सशक्त माध्यम होता था त् उन्होंने अगले वर्ष इस कार्यक्रम को बड़े मंचो के माध्यम से कराने की घोषणा की त् डॉक्टर सीमा सिंह, डॉक्टर सर्वदेव सिंह,शेर बहादुर ,निशा उपाध्याय ,मंजू सिंह 2 ,कुलदीप सिंह, प्रीति राय,सुनीता गुप्ता, आशा यादव, पूर्व प्रधानाचार्य गोरखनाथ सिंह,मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक सिंह ने किया ।

# आधुनिक समाचार ने किया तिरंगा वितरण कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।**आधुनिक समाचार प्रयागराज की ओर से संपादक डॉ0 आफत सिंह के दिशा निर्देश पर तिरंगा वितरण का कार्यक्रम किया गया।इस क्रम मेंआधुनिक समाचार के रेडियो संवाददाता सुधांशु शर्मा ने आधुनिक समाचार की ओर से पुलिस उपायुक्त अजीत सिंह चौहान ,नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र यादव एवं अन्य अधिकारियों व लोगों को तिरंगा सौंप कर आजादी के अमृत महोत्सव के स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास से मनाने हेतु राष्ट्रीय चेतना जागरण का कार्य किया। संपादक डॉक्टर आफत सिंह ने कहा कि इस अवसर पर घर-घर तिरंगा फहराया जाना चाहिए।रैली निकाल कर और विविध आयोजनों से स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाना चाहिए।









# प्रयागराज संदिग्ध परिस्थितियों में साधु की मौत, मंदिर के नीचे पड़ा मिला शव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के यमुनानगर के लालापुर थाना क्षेत्र



के मनकामेश्वर मंदिर के नीचे एक साधु वेशधारी व्यक्ति अचेतावस्था में पड़ा मिला। श्रद्धालुओं की सूचना पर मंदिर में तैनात पुलिस वाले एंबुलेंस से साधू को सीएचसी शंकरगढ़ ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक साधू के बैग की तलाशी लेने पर आधार कार्ड व मोबाइल मिला है। आधार कार्ड में मृतक का नाम राजेंद्र कुमार पुत्र रामकुमार निवासी हाउस नंबर 5-6 खसरा नंबर 21 भाग्य विहार मुबारकपुर डबास नॉर्थ वेस्ट दिल्ली है। पुलिस ने मोबाइल से घर के परिजनों को सूचित कर दियाहै। परिजन बता रहे हैं कि करीब डेढ़ साल पूर्व राजेंद्र घर से निकल गए थे और संन्यासी बन गए थे। उधर, मंदिर में साधू की मौत की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है। कुछ लोग बताते हैं कि चट्टान से गिरने से चोट लगी है तो कुछ लोग जहरीले जंतु के काटने तो कुछ दुकानदार हार्ट अटैक से मौत की चर्चा कर रहे हैं। मौत के कारणों सही पता लगाने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रयागराज पुलिस आयुक्त ने समस्त सहायक पुलिस आयुक्त व चौकी प्रभारियों के साथ की गोष्ठी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं कानून-व्यवस्था के सुदृढ़ संचालन हेतु रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स, सभागार में पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त नगर एवं अपर पुलिस उपायुक्त अपराध द्वारा कमिश्नरेट के समस्त सहायक पुलिस आयुक्त व चौकी प्रभारियों






के साथ 02पालियों में गोष्ठी आहूत की गयी। उपरोक्त गोष्ठी में पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त नगर एवं अपर पुलिस उपायुक्त अपराध द्वारा निम्न दिशा-निर्देश दिये गये। चौकी प्रभारियों की क्षेत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति रहे जिससे प्राप्त होने वाली सूचनाओं / शिकायतों पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही करे। नियमित रूप से जन शिकायतों की सुनवायी की जाये व उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन दृष्टि के अन्तर्गत जन सहयोग से महत्वपूर्ण चौराहों/तिराहों/ शराब की दुकानों/स्कूलों / रेलवे / बस स्टेशनों/ टेक्सी स्टैण्ड/ ढाबों/ होटल/मोबाइल टावर / पेट्रोल पम्प / गाँवों में सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाये व उनकी नियमित रुप मॉनीटरिंग की जाये। प्रत्येक थाने से प्रतिदिन न्यूनतम 10-10 लम्बित आरोप पत्र / अन्तिम रिपोर्ट को माननीय न्यायालय में दाखिल कराया जाये। के अन्तर्गत बलात्कार/पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियोगों का 02 माह के अन्दर निस्तारण कराया जाये। ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित अभियोगों में न्यायालय द्वारा जारी सम्मन / प्रोसेस का समयबद्ध रूप से अनुपालन कराकर प्रभावी पैरवी करते हुये निर्धारित समयावधि में अभियुक्तों को सजा दिलवायी जाये। लम्बित विवेचनाओं का समयबद्ध रूप से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये जिसका नियमित रूप से पर्यवेक्षण सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा किया जाये। चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत पार्कों व अन्य ऐसे स्थानों जहाँ लोगो का आवागमन अधिक रहता है, सुबह-शाम प्रभावी गश्त / पिकेट की व्यवस्था की जाये। डिजिटल वालंटियर्स को अधिक से अधिक जोड़ा जाये। पूर्व में थाना थरवई क्षेत्र में घटित घटना के दृष्टिगत चौकी क्षेत्र में डेरा डाले घुमन्तु व्यक्तियों के सत्यापन की कार्यवाही की जाये। समस्त सहायक पुलिस आयुक्त / थाना प्रभारियों से उनके क्षेत्र में नियुक्त चौकी प्रभारियों के आचरण / कार्यों के सम्बन्ध में फीडबैक मांगा गया है।

# म्यांमार के जेड खदान में भारी भूस्खलन, 30 से अधिक लोग लापता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**उत्तरी म्यांमार में एक जेड खदान में भूस्खलन के कारण 30 से अधिक लोग लापता हो गए और



सोमवार को तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। एक बचाव अधिकारी ने यह जानकारी दी।यह घटना म्यांमार के सबसे बड़े शहर यांगून से लगभग 950 किलोमीटर (600 मील) उत्तर में काचिन राज्य के एक सुदूर पहाड़ी शहर हापाकांत में हुई। यह क्षेत्र दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे आकर्षक जेड खदानों का केंद्र है। मन्ना गांव के पास भूस्खलन होने से जेड की खुदाई कर रहे 30 से अधिक खनिक एक झील में बह गए। यह घटना म्यांमार के सबसे बड़े शहर यांगून से लगभग 950 किलोमीटर (600 मील) उत्तर में काचिन राज्य के एक सुदूर पहाड़ी शहर हापाकांत में हुई। यह क्षेत्र दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे आकर्षक जेड खदानों का केंद्र है। एक स्थानीय बचाव दल के नेता ने सोमवार को न्यूज एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मन्ना गांव के पास भूस्खलन होने से जेड की खुदाई कर रहे 30 से अधिक खनिक एक झील में बह गए।

# सीतापुर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 14 अगस्त को काला दिवस के रूप में मनाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सीतापुर।** इस अवसर पर शहर के लालबाग स्थित शहीद पार्क में भारत की विभाजन की विभीषिका को लेकर मौन जुलुश का भी मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष / प्रधानाचार्य उमाकान्त मिश्रा रहे है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि भारतीय इतिहास में आज 14 श्यामनदास जी , श्री प्रताप नारायण जी सहित अन्य सम्मानितजन उपस्थित रहे । जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह शिल्पी ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान





आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने की। मौन जुलूस में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री एमएलसी श्री अनूप गुप्ता जी रहे इस दौरान बीजेपी सीतापुर सांसद राजेश वर्मा,मिश्रिख़ सांसद अशोक रावत सहित अन्य बीजेपी नेता और पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में सड़कों पर जुलुश निकाला गया। शहर के मुख्य बाजार से होते हुए लोहरबाग से शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में जुलुश का समापन किया गया। बीजेपी द्वारा आयोजित भारत के विभाजन की विभीषका को लेकर मौन जुलुश के बाद उत्सव गेस्ट हाउस में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री/ एमएलसी अनूप गुप्ता रहे। इस कार्यक्रम के अगस्त के दिन काला दिन के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन लाखों तबाह हो गए। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश महामंत्री और एमएलसी अनूप गुप्ता ने कहा कि 14 अगस्त भारत के इतिहास में ऐसा दर्द देकर गया था जिसे चाह कर भी भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा दिन था जहां देश का बंटवारा हो गया और साथ ही भारत के भूगोल, समाज और संस्कृति सभी का बंटवारा हो गया। उन्होने कहा कि इस विभाजन के दौरान लाखो लोगों की जाने चली गयीं। वही गोष्टी के दौरान मुख्य अतिथि जी एवं अन्य माननीय जनों के द्वारा उस समय विस्थापित होकर आए विस्थापित जनों एवं उनके परिवार जनों को अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया जिसमे प्रमुख रूप से श्री मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता,सांसद राजेश वर्मा,मिश्रिख़ सांसद अशोक रावत,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर,विधायक सिधौली मनीष रावत,बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर नेहा अवस्थी,बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा,खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बबलू गुप्ता,विश्राम सागर राठौर,राजेश शुक्ला,जया सिंह,नैमिष रत्न तिवारी,सुधाकर शुक्ला,रोहित सिंह, सचिन मिश्रा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, कंचन प्रभा पांडेय महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, संजय मिश्रा,उदित बाजपेई,सुनील मिश्रा,तरुण मिश्रा,सहित बीजेपी नेता और कार्यकर्ता सहित पदाधिकारी मौजूद रहे है


## शुभकामना संदेश एवं अपील

**चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सोनभद्र की तरफ से 15 अगस्त 2023 ''स्वतंत्रता दिवस, आजादी का अमृत महोत्सव, हर घर तिरंगा एवं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं । जनपद के स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त जनपदवासियों से निम्न अपील की जाती हैः-**

1.प्रत्येक पुरुष, महिला व बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए व्यक्तिगत साफ-सफाई के साथ-साथ अपने आस-पास सफाई रखे। मच्छरदानी का प्रयोग अनिवार्यरुप से करें।
2.आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत वर्ष 2011 जनगणना के आधार पर सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत चिन्हित पात्र परिवारों, लेबर कार्ड धारक व अन्त्योदय योजना कार्डधारक को प्रतिवर्ष 05 लाख रुपये तक का मुफ्त ईलाज सूचीबद्ध सरकारी एवं प्राईवेट चिकित्यालयों द्वारा प्रदान किया जाता है। पंजीकृत परिवार अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे, किसी भी प्रकार के रोग को अनदेखा न करें तथा आवश्यकतानुसार चिन्हित चिकित्सालय मे समुचित उपचार निःशुल्क कराये। **इस हेतु आयुष्मान भारत की सर्वे टीम को पूर्ण सहयोग करें।**
3.प्रत्येक मास की 01,09,16 व 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत सभी ब्लाक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय में कुशल चिकित्सकों द्वारा गर्भवती की जांच की जाती । इस कार्यक्रम के अन्तर्गती माताओं की जांच अवयश करायें जिससे कि खून में हीमोग्लोबिन की कम मात्रा को पूरा करते हुए, हाईरिस्क प्रिग्नेसी अथवा जोखिम प्रसव से बचाव करते हुए, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ्य रखें।
4.प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अन्तर्गत पहले बच्चे के जन्म पर रु0 6000/- का अनुदान निर्धारित 03 किश्तों में दिया जाता है, पहले बच्चे के जन्म के पूर्व की आशा व ए0एन0एम0 से सम्पर्क कर पंजीकृत करायें व योजना का लाभ उठायें।
5.राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत निःशुल्क प्रसव, जननी शिशु सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गर्भवती व प्रसूता को निःशुल्क सेवा लाभ, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम मे बच्चों को सभी आवश्यक टीका, परिवार को सीमित रखने के लिए स्थायी व अस्थायी विधि, **टी0बी0 उन्मूलन कार्यक्रम मे निःशुल्क उपचार सुविधा का लाभ लेते हुए, टी0बी0 मुक्त भारत अभियान में सहयोग दे।** जिला संयुक्त चिकित्सालय पर निःशुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन व अन्य सेवायें दी जाती है, इस हेतु अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा आशा/ए0एन0एम0 बहन से सम्पर्क स्थापित करके लाभ उठायें।
6.राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला संयुक्त चिकित्सालय मे संचालित एन0आर0सी0- पोषण पुनर्वास केन्द्र एस0एन0सी0यू0-नवजात शिशु देखभाल केन्द्र तथा सभी ब्लाक केन्द्र पर एन0बी0एस0यू0 मे नवजात शिशु का प्राथमिक उपचार व देखभाल निःशुल्क करायें।
7.संक्रामक रोगो से बचाव के लिए आस-पास की स्वच्छता का ध्यान रखें, जल श्रोतों की प्राप्त पीने योग्य पानी को विसंक्रामक करने के लिए अपने क्षेत्र की आशा बहनों से क्लोरीन का टैबलेट लेकर सलाह लेते हुए प्रयोग करें।
8.टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान घर-घर संयुक्त परिवार के समस्त बच्चों का टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें। सधन मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम का लाभ उठाये। समस्त छूटे हुए बच्चों/ गर्भवतियों का टीकाकरण पूर्ण करायें।

**डा0 अश्वनी कुमार**
**मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र**

**श्री चन्द्रविजय सिंह (आई0ए0एस0)**
**जिलाधिकारी, सोनभद्र**

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र**

**पत्रांकः मु0चि0अ0/विज्ञ0स्व0दिवस/2023-24/2155**

**दिनांक 14 अगस्त, 2023**



सीधे प्रवेश
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
15% Fee Concession
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
पहले आओ पहले पाओ
15% Fee Concession



- कम्प्यूटर हार्डवेयर
- डाटा इंट्री ऑपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्यूटर ऑपरेटर (कोपा)
- कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशिन
- सीएनसी प्रोग्रामिंग
- इलेक्ट्रिक मैकेनिक
- बेसिक कम्प्यूटिंग
- सीसीए
- वेल्डर
- फिटर
- रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- सिक्योरिटी सर्विस

Apply Online: www.nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं.:
8081180306,9415608710,8103021873

एमटेक कैम्पस, 'बी' ब्लाक, ए.डी.ए. कालोनी (पुलिस चौकी के पीछे), नैनी, प्रयागराज।
C-41 औद्योगिक थाने के पीछे औद्योगिक क्षेत्र UPSIDC नैनी, प्रयागराज।

# शराब में लिप्त लोगो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जारही है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब में लिप्त लोगो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जारही है।उसी क्रम में आबकारी निरीक्षक विवेक दुबे मय आबकारी स्टाफ व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली देहात अंतर्गत देवखरा तथा हनुमान पडरा में दबिश दी गयी दबिश में 400 कि0ग्रा0 लहन महुवा व 05 भट्टियों को मौके पर नष्ट किया गया। प्रकरण में 15 ली0 कच्ची शराब बरामद करते हुए 01 अभियोग धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। आबकारी अधिकारी राकेश अग्रवाल ने कहा कि जनपद में अवैध शराब के अड्डों पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

## सूचना

मैं, अनुराग आहूजा पुत्र रवि कांत आहूजा निवासी पी-30नेहरू नगर, मीरापुर, प्रयागराज (पुराना) 492/1205 (नया), 6/8/23 को, मैं, अपने घर के मूल विक्रय पत्र के साथ, जो श्री नंद किशोर आहूजा (आवेदक के दादा) के नाम पर है, जब मैं घर से जिला न्यायालय-प्रयागराज के लिए निकला था, घर से जिला न्यायालय के बीच कहीं खो गया था। मूल विक्रय पत्र का विवरण इस प्रकार है - बही संख्या-1, :जिल्द संख्या 2321, पृष्ठ संख्या -327, अतिरिक्त फाइल बुक संख्या -जिल्द संख्या -1294, पंजीकरण की तिथि -19/01/1965। काफी खोजबीन के बाद भी मूल विक्रय पत्र नहीं मिल सका।

# नाली जाम होने के कारण लड़कियों का छात्रवास में रहना दुश्वार हो गया है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रवास के पास नाली जाम होने के कारण लड़कियों का छात्रवास में रहना दुश्वार हो गया है। मामला अनगढ़ रोड स्थित अनुसूचित जाति छात्रावास के पास की है जहाँ काफी समय से नाली में जाम की स्तिथि उत्पन्न गयी है । सफाई नायक द्वारा साफ सफाई की व्यवस्था न के बराबर है । इधर स्थानीय सभासद और भाजपा सपा के बड़े बड़े नेताओं का आना जाना लगा रहता पास में ही एक और बच्चों का विद्यालय है बच्चों के माता पिता प्रतिदिन आते जाते है उनकी नजर पड़ती है तो नाक दबा कर चले जाते है आखिर कहे तो किससे कहे पास में ही रह रहे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लालबहादुर सिंह की नजर उस पढ़ गयी उनको यह सब नागवार लगा कि इस समय कई रोगों का फैलाव बड़ी तेजी से हो रहा है और नगर पालिका परिषद में साफ सफाई की तरह तरह की मशीन आ गई है फिर भी सफाई न होना बड़ा चिंताजनक है। अब वो क्या करते इन सब पर आजकल किसका ध्यान है वो जानते है कि पद पाने के बाद लोग धन कमाने में ज्यादा लगे रहते है काम मे सभी का विस्वास कम रहता है फिर भी उन्होंने जल्द सफाई का आस्वासन दिया है।

# कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का धूमधाम से मनाया गया जन्म दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ओबरा/सोनभद्र।** बड़े ही धूमधाम से माननीय कैबिनेट मंत्री श्री आशीष पटेल जी व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अपना दल एस पार्टी जी, लालता मद्धेशिया जी ,शरीफ खान जी जैसे तमाम पार्टी के कार्यकर्ता और बच्चे उपस्थित रहे रविंद्र सिंह यादव ने कहा कि आशीष भैया हमेशा हम कार्यकर्ताओं



का पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने बड़े ही धूमधाम से ओबरा ओम चौराहे पर जन्म दिवस मनाया और माननीय मंत्री जी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी गई इस मौके पर पार्टी के प्रदेश सचिव छात्र मंत्र रविंद्र सिंह यादव जी' पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्री महेश अग्रहरी जी 'पार्टी के जिला महासचिव जनाब शिबू खान जी, पार्टी के जिला सचिव संतोष पटेल चाचा जी, पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पंचायत मंच शिवदत्त दुबे जी ,सेक्टर अध्यक्ष विकास गौड़ गोलू का मनोबल बढ़ाते रहते हैं जिला उपाध्यक्ष महेश अग्रहरी ने कहा कि माननीय कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल जी सदैव हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए खड़े रहते है जो भी समस्या होता है यदि उनके तक बात पहुंचती है तो उन्होंने बड़े ही गंभीरता के साथ समस्या का समाधान करते हैं जिससे पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी में उम्मीद विश्वास बना रहता है और इस उम्मीद विश्वास और ऊर्जा के बल पर हम जैसे पदाधिकारी जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर रहते हैं।

# सालो बाद चलेगी घंटाघर की घड़ी घंटो की गूंज फिर से देगी सुनाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर होगा कवि सम्मेलन, देश प्रदेश के नामी गिनामी कलाकार होंगे शामिल 75 सफाई मित्रो को भी किया गया सम्मानित, अमृत



महोत्सव पर किया जायेगा वृक्षारोपण नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने रविवार की दोपहर नगर के ऐतिहासिक इमारत घंटाघर में प्रेस वार्ता की।पत्रकारों से वार्ता के दौरान नपाध्यक्ष ने कहा की देशी गुलाबी पत्थरों पर महीन नक्काशियों से बना यह घंटाघर अपने दुर्लभ नक्काशी के साथ ही रोमन स्थापत्य कला के लिए भी काफी मशहूर है। अंग्रेजी हुकूमत में 1891 में बनकर तैयार हुआ घंटाघर का ऐतिहासिक इमारत मीरजापुर की सांस्कृतिक पहचान और विरासत है। जिसके निर्माण के लिए मीरजापुर के व्यापारियों और उस समय के तात्कालिक अधिकारियो का योगदान है।लंदन की कंपनी के द्वारा बनाई गई घड़ी सालो से बंद थी और कुछ महीने पहले गिरी बिजली के कारण क्षतिग्रस्त भी हो गई थीं। चुनाव के दौरान स्थानीय जनता से मैने घड़ी ठीक कराने का वादा भी किया था। दिल्ली की लालकिला अन्य ऐतिहासिक धरोहरों में कार्य करने वाली मेडिवल इंडिया कंपनी से संपर्क किया गया। कंपनी की टीम ने यहां निरीक्षण कर डिजिटल घड़ी लगाने का सुझाव दिया है।कम्पनी द्वारा 15 अगस्त तक डिजिटल घड़ी लगाने का वादा किया है। इसके साथ मीनार पर लगे 300 किलो के घंटे स्वरूप वही रहेगा। केवल इसे अंदर से डिजिटलाइज्ड किया जा रहा है।घड़ी पूरी तरह से सेटेलाइट और जीपीयस सिस्टम पर आधारित है। इमारत की मीनार को भी ट्राई कलर की लाइट लगाई जा रही है, जो ऑटोमोड में सुबह बंद भी हो जायेगी। वर्षो बाद इस ऐतिहासिक इमारत की घड़ी फिर से चलेगी और नगर को घंटाघर इमारत से घंटो की गूंज सुनाई देगी। आजादी के अमृत के 75वे महोत्सव के समापन पर मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डो से सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने वाले 75 सफाई मित्रो को सम्मानित भी किया गया है।इन सफाई मित्रो ने मेहनत और लगन के साथ कार्य कर नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग किया है। अमृत महोत्सव के समापन पर महावीर पार्क में शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियो के शिलाफलकम को लगाया गया है। इसके साथ ही 14 अगस्त को अमृत महोत्सव के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया जाना है।साथ ही साथ स्वतंत्रता दिवस पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। जिसमे देश प्रदेश के नामी गिनामी कवि भाग लेंगे। जिसमे लोकप्रिय कवि अनामिका जैन अम्बर अपने पूरी टीम साथ जिले में आयेगी।

## मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले उ0प्र0 आशीष पटेल 15 अगस्त को चुनार किला पर करेंगे ध्वजारोपण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** स्थानीय सिटी क्लब में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित विविध कार्यक्रम में भी होंगे शामिल मीरजापुर 13 अगस्त 2023- मा0 मंत्री, प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले उ0प्र0, श्री आशीष पटेल जी दिनांक 15 अगस्त 2020 जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता दिवस के अवसर स्थानीय सिटी क्लब व चुनार किला पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा मा0 मंत्री जी 15 अगस्त 2023 को निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूर्वाह्न 9 बजकर 10 मिनट पर स्थानीय सिटी क्लब पहुंचेंगे, तत्पश्चात परतः 9.15 बजे स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर मा0 मुख्यमंत्री जी के सम्बोधन के लाइव प्रसारण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे, 10:15 बजे सिटी क्लब में ही ध्वजारोहण किया जाएगा, 10:20 से 11:30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम/जनसभा, पंच प्रण की शपथ दिलाई जाएगी। 11.30 से 11.40 बजे तक सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा सिटी क्लब में ही लगाई गई विकास प्रदर्शनी का निरीक्षण/अवलोकन किया जाएगा। मा0मंत्रीजी द्वारा 11.40 बजे सिटी क्लब से प्रस्थान कर महावीर पार्क (घोड़े शहीद) में वृक्षारोपण भी किया जाएगा। तत्पश्चात दोपहर 12.15 बजे घोड़े शहीद से प्रस्थान कर 12.55 बजे चुनार किला स्थित इं0 गेस्ट हाउस पहुंच कर 13.00बजे चुनार किला स्थित इं0 गेस्ट हाउस के सामने ध्वजारोपण किया जाएगा। ध्वजारोपण के बाद मा. मंत्री जी 13.15 बजे अगले कार्यक्रम के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# प्रयागराज महाकुंभ से पहले अलोपीबाग फ्लाईओवर बनेगा फोरलेन, दिल्ली से तैयार होगी दोहरीकरण की डिजाइन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 से पूर्व अलोपीबाग फ्लाइओवर की चौड़ाई बढ़ाकर इसे फोर लेन किया



जाएगा। चौड़ीकरण के लिए सेतु निगम ने सर्वे कर लिया है। फ्लाइओवर के दोहरीकरण को सेतु निगम दिल्ली के विशेषज्ञों से डिजाइन बनवा रहा है, जो एक माह में तैयार हो जाएगी फिर डीपीआर बनेगा, इसी के आधार पर बजट का निर्धारण होगा। कुंभ 2013 में करीब एक किमी के इस फ्लाईओवर पर आवागमन शुरू हुआ था। निर्माण में करीब 36 करोड़ रुपये का बजट खर्च हुआ। दोहरीकरण के लिए 50-60 करोड़ रुपये बजट खर्च होने का अनुमान है फ्लाईओवर सरदार पटेल सेवा संस्थान के सामने से बांगड़ धर्मशाला के निकट तक बना है। इससे झुंसी से नैनी आवागमन करने वाले वाहनों के लिए सुविधा हो गई और हर्षवर्धन चौराहे पर जाम की समस्या भी लगभग खत्म हो गई। इधर गीता निकेतन डॉट पुल की तरफ से फ्लाइओवर हर्षवर्धन प्रतिमा के निकट मिलता है। शुरुआत में फ्लाइओवर से आवागमन सुगम हो गया था। हालांकि वाहनों और ट्रैफिक बढ़ने के कारण अक्सर जाम लगता है। महाकुंभ 2025 में फ्लाइओवर पर जाम से लोग न परेशान हो, इसलिए चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि फ्लाइओवर की चौड़ाई बढ़ाने के लिए डिजाइन दिल्ली के विशेषज्ञों से बनवाई जा रही है। डिजाइन तैयार होने के बाद चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू होगी प्रयास होगा की महाकुंभ के पूर्व कार्य पूरा हो जाए।

# दिनेश वर्मा ने बच्चों के साथ मनाया 77वां स्वतंत्रता दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा) .**
**नोएडा।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत दिनेश वर्मा ने बांटे फ्री में तिरंगा झंडा नोएडा भारत एक



विविध देश है और हम भारतीय वास्तव में विविधता में एकता में विश्वास करते है। स्वतंत्रता दिवस भारत के इतिहास में एक मील का पत्थर है और हमें हर साल इस ऐतिहासिक दिन की वर्षगांठ को हर्ष व उल्लास का साथ मनाना चाहिए। इस साल हमने आजादी के 76 साल पूरे कर लिए है, अपने 77वां स्वतंत्रता दिवस पर पेनडाउन प्रेस के सीईओ दिनेश वर्मा ने अपने ऑफिस में अपने सैकड़ों बच्चों के साथ 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया व कई बच्चों को फ्री में झंडे व मिठाई दी। अवसर पर दिनेश वर्मा ने कहा कि जिस आजाद भारत में हम सांस ले रहे है यह आजादी कितने ही वीर जवानों की कुर्बानी के बाद मिली है। इसलिए देश की एकता व अखंडता के लिए हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए। 77वां स्वतंत्रता दिवस पर हर घर झंडा जो कि देश भर में लगाया जाएगा, देश प्रेम और साथ ही साथ जो हमने आजादी प्राप्त की है उसकी वैल्यू के बारे में भी इंगित करेगा, साथ ही पेनडाउन प्रेस के सीईओ दिनेश वर्मा का संदेश है कि हर कोई बिजनेस ओनर आजादी प्राप्त करें व दूसरी समस्या जैसे कि कैश फ्लो क्लाइंट का बार-बार परेशान कर रहा, अच्छे क्लाइंट ना मिलना और बिजनेस में हमेशा कमी ही रहना और कोई अपने प्रोडक्ट को किस तरह से बखूबी हमें पेश करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग हमारे को खरीदें। उन्होंने यह भी कहा कि घर को तिरंगे के रंग में सजाएं, देशभक्ति गानों पर नाचे गाए व आजादी का जश्न मनाए। यह सभी चीजें हम सबको हमेशा याद रहेगी।

# आर०टी०ई० के तहत नामांकित बच्चों को निष्कासित न करने हेतु जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों के प्रबन्धको व प्रधानाचार्यो को दिया निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** प्रकरण में जांचोपरान्त दोषी पाये गये व्यक्ति के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कर की गयी कार्यवाही विगत दिनों आर0टी0ई0 के तहत नामांकित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने जिलाधिकारी से मिलकर स्कूल से वंचित न किये जाने का किया गया था अनुरोध आर0टी0ई0 योजनान्तर्गत नामांकित बच्चे शिक्षा से वंचित न हो के दृष्टगित फीस प्रतिपूर्ति/आर0टी0ई0 में समायोजन हेतु जिलाधिकारी ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ0प्र0 को मार्गदर्शन हेतु भेजा पत्र मीरजापुर 13 अगस्त 2023- निशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम आर0टी0ई के तहत विभिन्न स्कूलों में नामांकित बच्चों को स्कूल प्रबन्धक/प्रधानाचार्य के द्वारा उक्त योजना के तहत स्कूल से वंचित किये जाने की शिकायत कलेक्ट्रेट में कुछ स्कूलों के बच्चों के द्वारा जिलाधिकारी दिव्या मित्तल से मिलकर किया गया था तथा बच्चों ने जिलाधिकारी से मिलकर कहा गया था कि हम गरीब बच्चें है पढ़ना चाहते है हमे स्कूल में पढ़ने दिया जाय। उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी ने उक्त प्रकरण की जांच हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी को दो दिवस के अन्दर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा दोषी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया गया था। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रकरण की जांच करायी गयी जांच। जांचोपरान्त बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम की धारा 12(1)(ग) के अन्तर्गत प्री-प्राइमरी एवं कक्षा-1 में नामांकित बच्चों के सापेक्ष 25 प्रतिशत बच्चों का चयन लाटरी के माध्यम से समिति द्वारा किया जाता है तत्पश्चात् जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त आर0टी0ई0 के तहत नामांकन हेतु बच्चों की सूची विद्यालयों को प्रेषित की जाती है साथ ही आर0टी0ई0 के तहत नामांकितध्अध्ययनरत बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति विभाग द्वारा प्रेषित की जाती है। पूर्व के वर्षों में कतिपय बच्चों का आर0टी0ई0 के अन्तर्गत नामांकन कराने हेतु अनधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर से सूचियाँ जनपद के विभिन्न मान्यता प्राप्त विद्यालयों को प्रेषित कर बच्चों का नामांकन कराया गया। उक्त छात्रों की फीस प्रतिपूर्ति की धनराशि विद्यालयों को प्राप्त न होने पर विद्यालयों द्वारा बच्चों को शिक्षा प्रदान करने से वंचित कर दिया जा रहा है। जिलाधिकारी के समक्ष उक्त शिकायत प्राप्त होने पर प्रकरण की जाँच करायी गयी जांच में प्रथम दृष्टया यह तथ्य प्रकाश में आया कि तत्कालीन जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता समग्र शिक्षा अभियान मीरजापुर द्वारा स्वहस्ताक्षरित सूची विद्यालयों को प्रेषित किया गया। जिलाधिकारी मीरजापुर द्वारा प्रदान किये गये निर्देश के क्रम में प्रथम दृष्टया संबंधित दोषी व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 419, 420 के तहत दिनांक 11.08.2023 को अभियोग पंजीकृत करा दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त बच्चे शिक्षा से वंचित न हों, के दृष्टिगत रखते हुए फीस प्रतिपूर्ति/आर0टी0ई0 में समायोजन हेतु महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 से मार्गदर्शन हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। उक्त के कम में शासन/विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त होने तक आर0टी0ई0 के तहत नामांकित बच्चों को निष्काषित न करने हेतु समस्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबन्धक/प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया। किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित करने की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित विद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा) .**
**नोएडा।** महानगर द्वारा आज 14 अगस्त के दिन विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी कला केंद्र सेक्टर 6 में आयोजित हुआ जिसमें सबसे पहले गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में माननीय



प्रभारी मंत्री श्री कुंवर बृजेश सिंह जी, माननीय विधायक श्री पंकज सिंह और जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता रहे। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आज भाजपा ने उन सभी लोगों को याद किया जिन्होंने देश में विभाजन के दौरान अपनी जान गवाई। कार्यक्रम में कर्नल पी एल भाटिया को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने इस विभाजन काल अपनी आँखों से देखा। कार्यक्रम में श्री कुंवर विजय सिंह ने कहा कि देश के बंटवारे के दर्द को आज कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज का दिन 14 अगस्त, भारतीय इतिहास में काला दिवस और दुर्भाग्यशाली दिन है जब भारत की भूगोल, समाज, संस्कृति सभी का बँटवारा हो गया। नफरत और हिंसा में लाखों लोगों को अपने घर से विस्थापित किया और लाखों की संख्या में लोगों की जान चली गई। अखंड भारत के आजादी के इतिहास में 14 अगस्त की तारीख आंसुओं से लिखकर रक्तरंजित कर दी गई और देश का विभाजन हो गया। हम भारतीयों को इस दिन को याद रखने की जरूरत है क्योंकि हमारे लाखों बहनों और भाई विस्थापित हो गए और कई लोगों ने बेवजह नफरत के कारण अपनी जान गँवा दी। उन्हें विभाजन के दौरान यातना पूर्ण व्यवहार और हिंसा का सामना करना पड़ा। इन सब के पीछे पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस रही जिसने विभाजन स्वीकार किया, भारत विभाजन के परिणाम स्वरूप लाखों लोग मारे गए, डेढ़ करोड़ से अधिक लोग बेघर हुए, एक लाख से अधिक महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ। कम्युनिस्ट पार्टी ने मुस्लिम लीग की विभाजन कि माँग का समर्थन तो किया ही साथ ही उन्होंने अपने अनेकों मुस्लिम सदस्यों को निर्देश दिए कि वे द्विराष्ट्र सिद्धांत को बल प्रदान करने के लिए मुस्लिम में शामिल हो जाए। पंडित नेहरू ने मात्र प्रधानमंत्री की कुर्सी पाने के लिए ना केवल देश के टुकड़े करवाए बल्कि लाखों लोगों को खून से भारत भूमि को नहला दिया। घ्रणा का जो बीज उस समय बोया गया उसे आज पूर्णतः नष्ट करने के लिए आने वाली कई पीढ़ियों को मिलकर प्रयास करना होगा। इस मौके पर माननीय विधायक पंकज सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा देश के विभाजन के दौरान लाखों भाई बहनों ने जो कड़वाहट, वेदना झेली उसका दर्द हम सभी कभी नहीं भूल सकते। और इस दर्द को याद रखने के लिए ही 14 अगस्त यानी आज के दिन को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है । हमारी पार्टी इसका स्मृति दिवस पर 14 अगस्त को प्रदेश के सभी 98 जनपदों में देश की विभाजन में स्थापित शहीद हुए देशवासियों की स्मृति में मौन जुलूस भी निकल रही है। इसके संगोष्ठी के बाद इंदिरा गांधी कला केंद्र से मौन जलूस भी निकाला गया। ये मौन जलूस शहीद हुए उन सभी देशवासियों की याद में निकाला गया।


# भारत की संस्कृति, जीवंत लोकतांत्रिक परम्परा पर गर्व करने का दिन है 15 अगस्तःनन्दी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सर्वोत्तम प्रदेश और वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर है उत्तर प्रदेश मंत्री नन्दी ने प्रदेशवासियों को दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमर शहीदों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर जारी एक बधाई संदेश में मंत्री नन्दी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें ज्ञात एवं अज्ञात तमाम शहीदों को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहूति देकर देश को गुलामी से मुक्त कराया। मंत्री नन्दी ने कहा कि यह दिन हम सभी के लिए खास है क्योंकि 15 अगस्त को ही देश को एक लम्बी लड़ाई के बाद गुलामी से मुक्ति मिली



थी। देश के वीर सपूतों के बलिदान से हम विदेशी ताकतों को देश से बाहर खदेड़ने में सफल हुए। उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा ग्रहण करते हुए हमे राष्ट्र निर्माण में जुट जाना चाहिए ताकि उनके सपने साकार हो सकें। मंत्री नन्दी ने कहा कि आइए आज इस अवसर पर हम सब लोग मिलकर देश की एकता, अखण्डता को और सुदृढ़ बनाने का संकल्प लें। भारत की संस्कृति, जीवंत लोकतांत्रिक परम्परा व 75 साल की उपलब्धियों पर गर्व करने का दिन है। भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की इस अविरल विकास यात्रा में परिश्रम की पराकाष्ठा कर अपना योगदान दें।''मंत्री नन्दी ने कहा कि इस स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक व्यक्ति को 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने का संकल्प लेना होगा। तभी हमारा देश तरक्की और विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश और वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर।

# नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अलकराज, हुबर्ट हुर्काज को दी मात



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** स्पेन के शीर्ष वरीय टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज ने पोलैंड के 15वें वरीय हुबर्ट हुर्काज को 3-6, 7-6 (2), 7-6 (3) से हराकर नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यूएस ओपन में अपने खिताब की रक्षा करने उतरे 20 वर्षीय विंबलडन चैंपियन ने गुरुवार रात को अपनी जीत के लय को बरकरार रखते हुए क्वींस खिताब जीतने से अब तक लगातार 14 मैच तक पहुंचाया। उन्होंने अब तक इस टूर में छह जीत और कुल 49 मैचों में जीत प्राप्त की है, जबकि उन्हें चार बार हार का सामना करना पड़ा है। खुद पर भरोसा अलकराज ने जीत के बाद कहा, कड़े समय में आपको स्वयं पर भरोसा जताना होता है, और अपना सर्वस्व लगाना होता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप जीतें या नहीं। आपको विश्वास करना होगा कि आप उस क्षण अपना सर्वश्रेष्ठ खेलेंगे, आक्रामक खेलने का प्रयास करें। मुझे लगता है कि दो टाईब्रेक में मैंने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। इसीलिए मुझे जीत मिली।

# अपने पैर पर खुद मारी कुल्हाड़ी 5वा टी 20 में भारत की शर्मनाक हार का जिम्मेदार कौन जानें 5 बड़े कारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में टीम इंडिया को करारी हार का सामना करना पड़ा। पांचवें टी-20 मैच में वेस्टइंडीज ने टीम इंडिया को 8 विकेट से पटखनी दी और सीरीज 3-2 से अपने नाम की। भारतीय टीम का निर्णायक मुकाबले में प्रदर्शन बेहद ही निराशाजनक रहा। वेस्टइंडीज ने पहली बार टीम इंडिया को टी-20 सीरीज में हराया। पांचवें टी-20 मैच में भारतीय टीम के दोनों ओपनर्स ने जल्दी विकेट गंवाया और टीम इंडिया की गेंदबाजी भी खराब रही। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं भारतीय टीम की हार के पांच बड़े कारण के बारे में विस्तार से लिस्ट में पहले नंबर पर है भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (एप्र्ल्र्सैह उग्त्त्) का विकेट गिरना, जिसका खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा। गिल ने पांचवें टी-20 मैच में तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर स्वीप शॉट खेलने का प्रयास किया था। लेकिन वह शॉट खेलने से चूक गए और गेंद सीधा उनके पैड पर लगी। इस दौरान गेंदबाज ने अपील की और अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया, लेकिन गिल ने रिव्यू नहीं लेकर गलती कर दी और इस मामले में सूर्यकुमार यादव से भी बड़ी गलती हुई। 2. ओपनर्स सस्ते में लौटे पवेलियन पांचवें टी-20 मैच में टीम इंडिया के दोनों सलामी बल्लेबाज सस्ते में पवेलियन लौटे। यशस्वी जायसवाल महज 5 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शुभमन गिल 9 रन पर अपना विकेट गंवा बैठे। 3. संजू सैमसन रहे फ्लॉप पांचवें टी-20 मैच में सलामी बल्लेबाजों के जल्दी विकेट गंवाने के बाद हर किसी को उम्मीद थी कि संजू सैमसन बल्ले से एक बड़ी पारी खेलते हुए नजर आएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। संजू सैमसन 13 रन पर आउट हुए और टीम इंडिया की परेशानी और बढ़ गई। 4. हार्दिक कप्तानी और प्रदर्शन में हुए फेल वेस्टइंडीज के खिलाफ हार्दिक पांड्या कप्तानी से लेकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में भी फेल रहे। पांचवें टी-20 मैच में हार्दिक पांड्या 14 रन पर आउट हुए। उन्होंने एक भी विकेट नहीं हासिल किया।पांचवें टी-20 मैच में युजवेंद्र चहल ने 4 ओवर में कुल 51 रन लुटाए। इस दौरान वह एक भी विकेट नहीं हासिल कर सके। वहीं, अक्षर पटेल को एक ओवर मिला और वह कोई सफलता नहीं हासिल कर सकें।



# पेट में चोट लगने की फोटो हुई वायरल, बैटर ने सोशल मीडिया पर शेयर की पूरी सच्चाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में वेस्टइंडीज को 3-2 से जीत हासिल हुई। वेस्टइंडीज ने पांचवें टी-20 मैच में 8 विकेट से टीम इंडिया को करारी शिकस्त दी। साल 2016 के बाद वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ पहली द्विपक्षीय सीरीज अपने नाम की सीरीज जीतने में विंडीज टीम की तरफ से विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन का अहम रोल रहा, जिन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी दिया गया। इस बीच सोशल मीडिया पर निकोलस पूरन ने अपनी चोट की तस्वीर शेयर की है, जो तेजी से वायरल हो रही है। आइए जानते हैं इस तस्वीर की पूरी सच्चाई विस्तार से। दरअसल, सोशल मीडिया पर निकोलस पूरन (चम्दर्दे इ्दर्दह) ने अपने चोट की तस्वीर को शेयर कर लिखा, ये सीरीज जीतने के बाद का हाल (ट्टी म्ि), मैं अर्शदीप सिंह (पज् एग्हुप्) का शुक्रिया करता हूं और साथ ही ब्रैंडन किंग का जिनके शॉट की वजह से ये सब हुआ निकोलस पूरन की इन तस्वीर में देखा जा सकता है कि उनके पेट पर चोट के निशान है। बता दें कि पूरन और ब्रैंडन किंग ने पांचवें टी-20 मैच में शानदार बल्लेबाजी की। 166 रन का पीछा करते हुए पूरन और ब्रैंडन के बीच 106 रनों की शतकीय साझेदारी हुई। पूरन के आउट होने के बाद एक छोर पर खड़े रहते हुए ब्रैंडन ने 5 चौके और 6 छक्कों की मदद से 85 रनों की तूफानी पारी खेली और इस मैच को एकतरफा बना दिया। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी-20 मैच में भारतीय टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए। टीम की तरफ से सूर्यकुमार यादव ने 45 गेंदों पर 61 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें कुल 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे उनके अलावा तिलक वर्मा ने 27 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज रन बनाने स जूझता नजर आया। वहीं, वेस्टइंडीज टीम ने 18 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ब्रेंडोन किंग ने 55 गेंदों पर 85 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 154 का रहा। उनके अलावा निकोलस पूरन ने 47 रन की पारी खेली।



# पृथ्वी शॉ का एक और धमाका, 15 चौके और 7 छक्कों की मदद से जड़ा तूफानी शतक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे स्टार ओपनर पृथ्वी शॉ ने इंग्लैंड में अपने बल्ले से तूफान मचा रखा है। पृथ्वी शॉ इस समय इंग्लैंड में वनडे कप खेल रहे है। 13 अगस्त को डरहम बनाम नॉर्थम्पटनशर के बीच खेले गए मैच में शानदार शतक जड़कर हर किसी को अपना मुरीद कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने भारत में इस साल होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपनी दावेदारी ठोक दी है। पृथ्वी शॉ ने 4 दिन पहले ही दमदार दोहरा शतक जड़ा था। ऐसे में एक बार फिर पृथ्वी शॉ के बल्ले से शतकीय पारी निकली। उन्होंने चौके-छक्कों की बौछार लगाकर अपनी टीम नॉर्थम्टनशर को 6 विकेट से जीत दिलाई। ने इंग्लैंड की धरती पर जड़ा बैक-टू-बैक शतक मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए डरहम टीम ने 43.2 ओवर में 198 रन बनाए। टीम की तरफ से कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं जड़ सका। सलामी बल्लेबाज ग्राहम क्लार्क ने 14 गेंदों पर 13 रन बनाए। एलेक्स लीस ने 55 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली। जोनाथन बुशनेल ने 32 रनों की पारी खेली। इसके अलावा लियाम ट्रेवस्किस ने 37 रन बनाए।199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नॉर्थम्पटनशर टीम की तरफ से पृथ्वी शॉ (झ्रिूप्न्ग् एर्ैं) ने कमाल की शुरुआत की और 76 गेंदों पर 125 रन की नाबाद पारी खेली। पृथ्वी शॉ ने पारी में 7 छक्के और 15 चौके लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 164 का रहा। उनके अलावा रॉब कयोफ ने 42 रन की पारी खेली। बता दें कि पृथ्वी ने पारी के 26वें ओवर की दूसरी गेंद पर चौका, तीसरी और चौथी गेंद पर गगनचुंबी छक्का जड़कर टीम के लिए शानदार तरीके से मैच फिनिश किया। इस मैच में पृथ्वी शॉ की तूफानी पारी के दम पर नॉर्थम्पटनशर टीम को 6 विकेट से जीत मिली।



# यशस्वी जायसवा शुभमन गिल की ऐतिहासिक साझेदारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** अमेरिका के फ्लोरिडा में खेले गए चौथे टी-20 मुकाबले में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने अपनी आतिशी बल्लेबाजी से जमकर महफिल लूटी। यशस्वी ने तूफानी अंदाज में अपने टी-20 इंटनरेशनल करियर का पहला अर्धशतक जमाया, तो गिल ने भी चौके-छक्कों की बारिश करते हुए फॉर्म में वापसी की। यशस्वी-गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी निभाते हुए रोहित शर्मा और केएल राहुल के छह साल पुराना रिकॉर्ड की बराबरी भी कर डाली है। चौथे टी-20 में 179 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने ताबड़तोड़ शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 165 रन जोड़ डाले। यशस्वी 84 रन बनाकर नाबाद लौटे, तो गिल ने 77 रन की तेज तर्रार पारी खेली। यशस्वी-गिल की जोड़ी द्वारा की गई 165 रन की साझेदारी भारत की ओर से संयुक्त रूप से टी-20 इंटनरेशनल क्रिकेट में सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप भी है। दोनों ने रोहित शर्मा और केएल राहुल के छह साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। रोहित-राहुल ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ खेलते हुए पहले विकेट के लिए 165 रन जोड़े थे। यशस्वी जायसवाल का बल्ला फ्लोरिडा में खेले गए चौथे टी-20 मुकाबले में जमकर बोला। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज ने टी-20 इंटनरेशनल करियर की अपनी पहली फिफ्टी जमाई। यशस्वी ने अपनी 84 रन की पारी में 11 चौके और 3 गगनचुंबी छक्के जमाए।



# सीरीज गंवाने के बाद ये बयान देकर बुरे फंसे हार्दिक पांड्या पूर्व क्रिकेटर ने जमकर लताड़ा और कह दी 'गंदी बात'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में हार का सामना करना पड़ा।पांचवें टी-20 मैच में टीम इंडिया को 8 विकेट से हार मिली इस हार के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या ने अपने बयान से आलोचकों को उन्हें ट्रोल करने का एक और मौका दे दिया। इस कड़ी में पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच वेंकटेश प्रसाद ने भी नाराजगी जताई है। उन्होंने ट्वीट शेयर कर हार्दिक पांड्या को जमकर लताड़ा है। आइए जानते हैं वेंकेटेश प्रसाद ने क्या कहा को जमकर लगाई फटकादरअसल, भारतीय टीम के कप्तान हार्दिक पांड्यने सीरीज गंवाने के बाद अपने बयान में ये कहा था कि कभी-कभी हारने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। ऐसे में ये बयान देना हार्दिक को भारी पड़ जाएगा ये उन्होंने शायद सोचा नहीं होगा। सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे है। इस बीच पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच वेंकटेश प्रसाद ने उनके इस बयान को मूर्खतापूर्ण बयान बताया है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल (पूर्व में ट्विटर) पर लिखते हुए हार्दिक की जमकर क्लास लगाई। वेंकटेश प्रसाद ने कहा टीम इंडिया में जीत की भूख की कमी है इसके साथ ही वेंकटेश प्रसाद ने आगे कहा कि भारत पिछले कुछ समय से सीमित ओवरों की बेहद सामान्य टीम रही है। उन्हें वेस्टइंडीज की उस टीम से हार का सामना करना पड़ा है, जो कुछ महीने पहले विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई। हम बांग्लादेश से भी वनडे सीरीज हार गए थे। उम्मीद है कि वह मूर्खतापूर्ण बयान की बजाय इस हार से कमजोरियों पर फोकस करेंगे।



# राशिफल





**मेष-:** तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-:** जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-:** क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-:** आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-:** आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-:** प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-:** जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:** छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-:** इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-:** लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-:** भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-:** आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।






# आखिरी सांस तक रन नहीं बनाऊंगा', फिर फ्लॉप हुए संजू सोशल मीडिया पर फूटा फैन्स का गुस्सा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** संजू सैमसन का फ्लॉप शो वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए पांचवें और आखिरी टी-20 मुकाबले में भी जारी रहा। संजू 9 गेंदों का सामना करने के बाद 13 रन बनाकर पवेलियन लौटे। केरल के बल्लेबाज का बल्ला पूरी टी-20 सीरीज में खामोश रहा और वह हाथ आए इन मौकों को भुनाने में पूरी तरह से नाकाम रहे। पांचवें टी-20 मुकाबले में तिलक वर्मा के आउट होने के बाद संजू सैमसन मैदान पर उतरे। बल्लेबाजी के लिए अच्छी नजर आ रही पिच पर फैन्स को संजू से बड़ी पारी की आस थी। हालांकि, भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने एकबार फिर अपनी बल्लेबाजी से निराश किया। संजू 9 गेंदों का सामना करने के बाद 13 रन बनाकर चलते बने। इस पारी के दौरान उनके बल्ले से दो चौके निकले और शेफर्ड की गेंद पर सैमसन पूरन को आसान सा कैच देकर चलते बने। पांच मैचों की सीरीज में संजू सैमसन बुरी तरह से फ्लॉप रहे। 5 मैचों की तीन पारियों में संजू ने 10 की मामूली औसत और 114 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 32 रन बनाए। अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए संजू सैमसन को इस सीरीज में सेलेक्टर्स ने आजमाया था। हालांकि, भारतीय विकेटकीपर अपनी छाप छोड़ने में पूरी तरह से नाकाम रहा। संजू के फ्लॉप शो के बाद सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई है। पांचवें और आखिरी टी-20 मुकाबले में सूर्यकुमार यादव का बल्ला जमकर बोला। सूर्या ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 45 गेंदों पर 61 रन की आतिशी पारी खेली। भारतीय बल्लेबाज ने अपनी इस पारी के दौरान 4 चौके और तीन गगनचुंबी छक्के जमाए, जिसके दम पर टीम स्कोर बोर्ड पर 165 रन लगाने में सफल रही।



# सम्पादकीय

## बड़े सपने बड़े विचार, ऊंची महत्वाकांक्षाओं से ही साकार होगा विकसित देश होने का सपना

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर हम जहां खड़े हैं, वह एक देश के तौर पर भारत की यात्रा में मील के पत्थर की तरह है। इस बिंदु पर देश के राजनीतिक परिदृश्य का समग्र विश्लेषण इसलिए भी प्रासंगिक है, क्योंकि राजनीति से ही समाज और अर्थव्यवस्था को दिशा मिलती है। इस नजरिये से अगर देश के वर्तमान राजनीतिक माहौल को परखें, तो यह बात तो तय है कि वर्तमान मोदी सरकार जिस गति से काम कर रही है, वह तारीफ के काबिल है और यह बिल्कुल निश्चित बात है कि उससे आने वाले पांच से दस साल में रोजमर्रा की बुनियादी सुविधाएं देश के हर नागरिक को मुहैया हो जाएंगी। कहने का आशय है कि स्वच्छ पेयजल, गरीबों को भोजन, शौचालय, गैस, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार इत्यादि की जरूरतें सभी की पूरी हो चुकी होंगी। स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर हम जहां खड़े हैं, वह एक देश के तौर पर भारत की यात्रा में मील के पत्थर की तरह है। इस बिंदु पर देश के राजनीतिक परिदृश्य का समग्र विश्लेषण इसलिए भी प्रासंगिक है, क्योंकि राजनीति से ही समाज और अर्थव्यस्था को दिशा मिलती है। इस नजरिये से अगर देश के वर्तमान राजनीतिक माहौल को परखें, तो यह बात तो तय है कि वर्तमान मोदी सरकार जिस गति से काम कर रही है, वह तारीफ के काबिल है और यह बिल्कुल निश्चित बात है कि उससे आने वाले पांच से दस साल में रोजमर्रा की बुनियादी सुविधाएं देश के हर नागरिक को मुहैया हो जाएंगी। कहने का आशय है कि स्वच्छ पेयजल, गरीबों को भोजन, शौचालय, गैस, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार इत्यादि की जरूरतें सभी की पूरी हो चुकी होंगी। सवाल यह है कि इसके बाद क्या? ध्यान रहे, जिन देशों के पास प्राकृतिक संसाधनों की बहुलता नहीं है, वे अपने आविष्कारों, अपनी खोजों के दम पर बड़े बनते हैं। हमें भी इसी दिशा में कदम बढ़ाने होंगे। हमें भी 'बिग आइडियाज' पर काम करना होगा। हमें बड़े सपने देखने होंगे। अपना विजन बड़ा रखना होगा। खुद को बांध कर नहीं रखना है। अपनी महत्वाकांक्षाओं का स्तर हमेशा ऊंचा रखना होगा। तभी हम विकसित देश होने के सपने को पूरा कर सकेंगे। अफसोस की एक बात यह है कि हम कुछ उल्टी दिशा में जाते दिख रहे हैं। एक तरफ विपक्षी दल हैं, जिन्हें केंद्र सरकार के कार्यों में कुछ भी सकारात्मक नहीं दिख रहा है। उन्हें सरकार की सिर्फ बुराई ही करनी है। लेकिन सरकार को भी भविष्य के विजन को लेकर अपना नजरिया स्पष्ट रखना होगा। लोगों को अपने काम की अच्छाइयां बतानी होंगी और अगर कुछ गलत हो रहा हो, तो उसे स्वीकारना भी चाहिए। अब विवाद में रहे कृषि कानूनों को ही लें। मोदी सरकार ने तीन कृषि कानूनों को लाने का फैसला किया था। इसमें संदेह नहीं कि ये कानून ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था वाले अपने देश के लिए बेहद जरूरी थे। ये किसानों के भी हित में थे। अगर ये लागू होते, तो देश की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंच सकती थी। यहां तक कि इसका विरोध करने वाले सभी विपक्षी दलों के घोषणापत्रों में भी इन्हें शामिल किया गया था। लेकिन जब केंद्र सरकार इन्हें लेकर आई, तो विपक्षी दलों ने एक सुर में इनका विरोध करना शुरू कर दिया। इन्हें काला कानून कहा गया। एक साल से ज्यादा समय तक इन कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। राजमार्ग जाम किए गए इन प्रदर्शनों के चलते अर्थव्यवस्था को लाखों-करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। अनेक लोगों ने अपनी जानें गंवाईं, सो अलग। आखिरकार विपक्षी दलों की जीत हुई। सरकार को इन्हें वापस लेना पड़ा, जो अपने आप में एक देश विरोधी फैसला था, क्योंकि इसकी वजह नहीं बताई गई। अगर मैं अमेरिका में किसान होता, तो शायद इस कदम के लिए सरकार पर मुकदमा दर्ज कर सकता था। मैं सरकार से पूछता कि किसान की जिंदगी को बेहतर बनाने वाले कानूनों को आपने वापस क्यों लिया? उसे ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। अगर आप किसान को समृद्ध बनाने का वादा करते हैं, लेकिन उसे पूरा नहीं करते हैं, तो मुझे मुकदमा दर्ज करने का पूरा हक मिलना चाहिए। केंद्र सरकार ने कहा कि देश हित में इन्हें वापस लिया गया है। जबकि यह सच नहीं था। ये कानून देश हित में ही लाए गए थे। इनका वापस लिया जाना दरअसल, दुर्भाग्यपूर्ण था। सत्ताधारी दल हो या फिर विपक्षी दल आत्ममंथन समय की मांग है। तभी देश के लिए सही फैसले लिए जा सकेंगे। विपक्षी दलों को भी अपनी नकारात्मकता छोड़नी होगी, तभी भरोसे का एक माहौल तैयार होगा।

# शरद-अजीत पवार की गुप्त मीटिंग पर शिवसेना बोली

, 'भ्रम पैदा करने का यह रोजाना का खेल अब...'मुंबई, एजेंसी। शिवसेना (यूबीटी) ने अपने मुखपत्र सामना में एनसीपी चीफ शरद पवार और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बीच पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार मुलाकातों पर कहा है कि इससे पवार की छवि खराब हो रही है। सोमवार (14 अगस्त) को लिखे गए 'सामना' के एक संपादकीय में कहा गया है कि यह देखना ठमनोरंजकठ है कि अजित पवार अक्सर (अपने चाचा) शरद पवार से मिल रहे हैं और शरद भी इससे परहेज नहीं कर रहे हैं। शिवसेना (यूबीटी) ने अपने मुखपत्र सामना में एनसीपी चीफ शरद पवार और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बीच पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार मुलाकातों पर कहा है कि इससे पवार की छवि खराब हो रही है। सोमवार को सामना ने ने कहा यह देखना मनोरंजक है कि अजित पवार अक्सर (अपने चाचा) शरद पवार से मिल रहे हैं और शरद भी इससे परहेज नहीं कर रहे हैं। इसमें कहा गया है, ऐसी आशंका है कि बीजेपी के 'चाणक्य' अजित को शरद पवार के मिलने के लिए भेजकर कुछ भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, ऐसी बैठकें शरद पवार की छवि को खराब करती हैं और यह अच्छा नहीं है।महाराष्ट्र में शिव सेना (शिंदे)-बीजेपी सरकार के साथ बागी एनसीपी विधायकों के ग्रुप के साथ अजीत पवार ने हाथ मिला लिया और सरकार में शामिल हो गए। ऐसे में सामना ने ये टिप्पणियां पार्टी प्रमुख शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बीच पुणे में एक व्यवसायी के आवास पर हुई 'गुप्त' बैठक के दो दिन बाद की है।शरद पवार की एनसीपी महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस की सहयोगी है। उन्होंने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी बीजेपी के साथ नहीं जाएगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अगर वो अपने भतीजे अजित पवार से मिलते हैं तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। भ्रम पैदा करने का खेल का खेल अब लोगों के दिमाग से परे हो गया है। मौजूदा राजनीतिक खेल के कारण लोग सुन्न हो गए हैं।ठ इसमें कहा गया है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहना चाहेंगे कि महाराष्ट्र सरकार में बीजेपी के साथ हाथ मिलाने के अजित पवार के फैसले ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट का सबसे बड़ा मजाक उड़ाया है। विशेष रूप से, हैं और इसलिए बीमार पड़ गए हैं। इसका जिक्र करते हुए समाना ने कहा, ठशिंदे 24 घंटे काम करते हैं, लेकिन इसका असर राज्य में कहीं नहीं दिखता। अगर कभी भी



अब लोगों के दिमाग से परे मराठी दैनिक सामना ने संपादकीय में कहा, ठभ्रम पैदा करने का यह रोजमर्रा शरद-अजीत के बीच बैठकों को हास्यप्रद बताया है। संपादकीय में कहा गया है, ठहम इसमें यह शिंदे के समर्थक विधायक संजय शिरसाट ने हाल ही में दावा किया था कि मुख्यमंत्री 24 घंटे काम करते अपना पद खोने के डर से उनकी नींद उड़ गई है तो यह नहीं कहा जा सकता कि वह चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। जब भी शिंदे की नींद टूटती है तो वह अपने पैतृक निवास सतारा चले जाते हैं और कुछ देर आराम करते हैं। दावा किया गया कि सीएम शिंदे के खराब स्वास्थ्य के लिए अजित पवार को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इसमें आगे दावा किया गया है कि अजित पवार के सरकार में शामिल होने के बाद से शिंदे की दिल की धड़कनें बढ़ गई हैं और उनका ठदिमाग अस्थिरठ हो गया है, साथ ही यह भी कहा गया है कि शरद पवार के साथ अजित पवार की लगातार बैठकों ने भी उनके (शिंदे गुट के) ठछोटे दिमागठ को चोट पहुंचाना शुरू कर दिया है। अगर शिरसाट के दावे सही हैं, तो सामना ने तंज कसते हुए लिखा है, ठअगर शिरसाट के दावे सही हैं, तो शिंदे को आईसीयू में भर्ती कराया जाना चाहिए और (डिप्टी सीएम) देवेंद्र फड़नवीस या अजीत पवार से मिलने से दूर रखा जाना चाहिए। शिंदे को मुंबई या ठाणे के किसी अच्छे अस्पताल में भर्ती कराया जाना चाहिए।ठशिवसेना ने चुटकी लेते हुए कहा कि सीएम शिंदे की वर्तमान स्थिति के बारे में एक स्वास्थ्य बुलेटिन जारी किया जाना चाहिए। इसे पहले पूर्व सीएम फड़नवीस पर भी निशाना साधते हुए सामना ने कहा है कि डिजिटल दुनिया में कुछ भी नहीं छुपता। सामना ने कहा, महाराष्ट्र में संभावित राजनैतिक बदलाव की अटकलें तब लगने लगीं जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुछ दिन पहले राज्य का दौरा किया और शिंदे बीमार पड़ गए। शिंदे गुट को इस बीमारी को गंभीरता से लेना चाहिए। इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र इस तरह की ठबीमारीठ से उभरेगा, लेकिन हम यह स्पष्ट करते हैं कि राज्य को ठकिसी तरह के मनोरंजनठ के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए।

# भारतीय जनता की मुक्तिगाथा और अपनी अस्मिता की पहचान का दिन

भारतीय जनता की मुक्तिगाथा और अपनी अस्मिता की पहचान का दिनपंद्रह अगस्त सिर्फ एक तारीख नहीं है। भारत की जनता के लिए यह अपनी अस्मिता की पहचान की तिथि है। इसी दिन हम ब्रिटिश कॉलोनी के नागरिक न रहकर स्वतंत्र भारत के नागरिक बने। इसी दिन स्वतंत्रता की हवा का आनंद इस विशाल देश की जनता ने अनुभव किया। स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए इस देश के असंख्य लोगों ने अपनी जान गंवाई। हजारों लोगों को कारावास की हवा खानी पड़ी, अनेक लोगों को कालापानी की सजा मिली। ये कथाएं नहीं, वास्तविक घटनाएं हैं। भारत को मिली स्वतंत्रता में हजारों-लाखों लोगों के त्याग और समर्पण की भूमिका रही है। यह भी सच है कि देश के अलग-अलग कोनों के सैकड़ों अनाम लोगों ने देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया, लेकिन उनकी संघर्ष कथा हमारे स्वीकृत इतिहास ग्रंथों में कहीं दर्ज नहीं है स्वतंत्रता संग्राम के दौर की एक विशेषता यह भी थी कि देश के एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश की दूरियां मिट गईं। अंग्रेजी के साथ हिंदी भारत की भाषा के रूप में उभरकर सामने आई। एकता का यह अदृश्य सूत्र जनमानस में पैठ बनाता गया। स्वतंत्रता संग्राम और नवजागरण के क्रियाकलापों ने मिलकर सर्वत्र धार्मिक सद्भाव की लहरें फैलाईं। संकीर्णताएं मिटती चली गईं। जातिगत भेदभाव की दीवारें भी ढहने लगीं। कई प्रकार की विभिन्नताओं के बावजूद स्वतंत्रता एक बड़े देश की जनोन्मुखी आकांक्षा बन गई, जिसके लिए सर्वस्व न्योछावर करने की भावना तीव्र थी। भारतीयता की भावना स्वीकृत होती जा रही थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद संविधान बना, जिसमें भारत को लोकतंत्र घोषित किया गया। लोकतंत्र की परिकल्पना में मानवीय मूल्यों को सर्वाधिक महत्व दिया गया। न्याय, समभाव और सौहार्द को संविधान में प्रमुखता मिली। भारतीय संविधान सही अर्थों में समावेशी बना। इसमें कोई शक नहीं कि भारत निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। पूरी दुनिया में भारत का नाम आदर से लिया जाता है, जो हमारे लिए गर्व की बात है। लेकिन जब हम अपने देश के यथार्थ को निकट से देखते हैं, तो कई नकारात्मक स्थितियां भी सामने आती हैं। इसलिए जब हम अपनी स्वतंत्रता प्राप्ति पर विचार करने लगते हैं, तो हर्ष के स्थान पर विषाद हमें घेरने लगता है। कई प्रकार की अराजक स्थितियां उद्भासित होती दिखती हैं। इसमें अधिकार का केंद्रीकरण सबसे प्रमुख है। यह अधिकार धन केंद्रित भी है। इस प्रवृत्ति ने समता और सहोदर भाव को नष्ट कर दिया है। यह भीषण अवस्था तब दोगुनी-चौगुनी होने लगती है, जब उसमें जातिगत व धर्मगत भेदभाव प्रवेश करता है। क्या हम पूरे साहस के साथ कह सकते हैं कि हमारी लोकतांत्रिक परिघटना में धर्म और जाति का प्रवेश नहीं है! चुनावी राजनीति ने इसे और विकराल बना दिया है। स्वतंत्रता का अर्थ अत्यंत गंभीर है। सही नागरिक बोध से युक्त एक स्वतंत्र समाज ही लोकतंत्र को बल प्रदान करता है। इस संदर्भ में हमें आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। क्या हमारा समाज स्वतंत्र है? एक समाज तभी स्वतंत्र महसूस करता है, जब वह अपने पैरों पर खड़ा हो। यदि उसकी आधारशिला असंतुलित है, तो उसे स्वतंत्र नहीं कहा जा सकता। आर्थिक असंतुलन की बात करें, तो समाज का एक तबका सुविधाजनक जीवन जी रहा है, तो दूसरा वर्ग विपन्नता की अग्नि में झुलस रहा है। यहां संविधान द्वारा परिकल्पित समता की भावना अर्थहीन हो जाती है हमारे देश की अधिकांश आबादी सामान्य स्तर की शिक्षा पा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में निजीकरण ने इस फासले को बहुत बढ़ा दिया है। यह स्वतंत्र समाज के विकास के लिए घातक है। शिक्षा के अधिकार का आशय ही समान शिक्षा का अधिकार है। हमारे देश के कुछ बच्चे जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के विद्यालयों में पढ़ते हैं, वहीं अधिकांश बच्चे मामूली स्कूलों में शिक्षा पाते हैं, जहां बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। क्या यह स्थिति एक स्वतंत्र समाज के लिए प्रीतिप्रद है? यहां मुझे चंद्रकांत देवताले की कविता- थोड़े-से बच्चे और बाकी बच्चे याद आ रही है- थोड़े-से बच्चों के लिए/ एक बगीचा/उनके पांव दूब पर पड़ रहे हैं/ असंख्य बच्चों के लिए/ कीचड़, धूल और गंदगी से पटी/ गलियां हैं जिनमें वे/अपना भविष्य बीन रहे हैं। विभाजित समाज कतई स्वतंत्र समाज नहीं है। विभाजित समाज को लेकर राजनेताओं, अधिकारियों एवं पूंजीपतियों के अपने-अपने तर्क होंगे, पर एक विचारशील नागरिक के लिए ये तर्क उतने महत्वपूर्ण नहीं हो सकते, क्योंकि स्वतंत्रता को वे अगंभीर दृष्टि से देखना पसंद नहीं कर सकते हमारे पूर्वजों ने आजादी के लिए जो लड़ाई लड़ी, वह समतामूलक और अविभाजित समाज के निर्माण के लिए थी। अधिकार जब परम मूल्य हो जाता है, तब अस्वतंत्रता की प्रदूषित हवा सर्वत्र व्यापित होने लगती है। अधिकार समाज को कई खंडों में विभाजित करता है। वैश्वीकरण की प्रक्रिया ने पूंजी केंद्रित अधिकार को बढ़ावा दिया है। उसके सामने सामान्य जीवन का कोई अर्थ नहीं रह गया है। जो भी सामान्य है, जमीनी है, यथार्थ है, वह धीरे-धीरे रद्द होता चला गया। लोकतंत्र की संवादात्मकता सबसे पहले खत्म हो गई। अधिकार की राजनीति में संवाद के लिए कोई जगह नहीं रही। मूल्याधारित संस्कृति बहिष्कृत होती गई। प्रौद्योगिकी को, जो विकास के लिए अनिवार्य है, अधिकार ने ग्रस लिया और अधिकार ने बाजार को जन्म दिया, जो सब कुछ तय करता है। इन कुछ स्थितियों के तहत क्या एक समाज स्वतंत्र हो सकता है? वैश्विक संदर्भ में वर्तमान समय के समानांतर एक महावर्तमान भी जीवंत है। वस्तुतः वही सारे देशों को, उसके विकास-अविकास को, स्वतंत्रता को नियंत्रित कर रहा है। आज जो नव उपनिवेशवाद का दौर चल रहा है-महावर्तमान का-वह कई मायनों में अदृश्य है। उसका असर हमारे काल और हमारी भाषा पर पड़ता है। अस्वतंत्रता का अदृश्य आवरण हर कहीं है, अदृश्य शिकंजे की तरह। केंद्रीभूत अधिकार का यह आवरण स्वतंत्रता की पारदर्शिता के लिए घातक है। 15 अगस्त भारतीय जनता की मुक्तिगाथा और एक विशाल देश की सर्वस्वतंत्र कल्पनाओं से जुड़ी तारीख है। हमारे स्वत्व का प्रयाण इसी दिन हुआ था। यह स्वतंत्रता का प्रयाण था, लेकिन हमें अपने सीने पर हाथ रखकर पूछना चाहिए कि क्या हम पूर्ण रूप से स्वतंत्र हैं!



# समता और न्याय लोकतंत्र के मूल मंत्र

मेरा सौभाग्य है कि मुझे 15 अगस्त, 1947 से लेकर अब तक हर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने का अवसर मिला है। सात दशकों से लंबे इस सफर में हमने कई चुनौतियां झेली हैं और बड़ी-बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। महात्मा गांधी के नेतृत्व में ब्रिटिश सत्ता से आजादी पाने के बाद हमने कृषि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, कला, साहित्य, संस्कृति, खेल आदि जीवन के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कीर्तिमान रचे हैं। हमारा लोकतंत्र न केवल मजबूत हुआ है, बल्कि वैश्विक मंचों पर हमारी प्रतिष्ठा भी बढ़ी है जब हमने आजादी हासिल की थी, तब हमारा देश गरीब था। हमें अपने नागरिकों तक का पेट भरने के लिए दूसरे देशों से अनाज मंगाना पड़ता था। मगर आज हम न केवल खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो चुके हैं, बल्कि दूसरे देशों को भी खाद्यान्न की आपूर्ति करते हैं। एक गरीब मुल्क से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना कोई साधारण उपलब्धि नहीं है और यह उपलब्धि केवल कुछ लोगों और कुछ वर्षों का हासिल नहीं है। इसमें अब तक की सभी सरकारों, किसानों, नागरिकों और राजनीतिक दलों का योगदान है इन उपलब्धियों के बावजूद आज जब हम अपने अब तक के सफर का लेखा-जोखा करने बैठते हैं, तब हमें बहुत-सी कमियां नजर आती हैं। रामायण एवं महाभारत के समय के इतिहास को छोड़ भी दें, और अपने देश के आधुनिक इतिहास पर नजर डालें, तो पता चलता है कि इस देश को बनाने और सजाने-संवारने में हर धर्म, पंथ, समुदाय, जाति, वर्ग के लोगों का योगदान रहा है। विविध वर्गों, समुदायों, धर्मों के लोगों में भारतीयता की भावना का विकास करने में महात्मा गांधी एवं उनके सहयोगियों का बड़ा योगदान रहा है। हालांकि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी जी का प्रवेश 20वीं शताब्दी में हुआ, लेकिन आजादी की लड़ाई 1857 में ही शुरू हो गई थी।



## संक्षिप्त समाचार

### 'कांग्रेस ने सारी हदें पार की', राक्षस वाले बयान पर घिरे सुरजेवाला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता रणदीप सिंह रणदीप सुरजेवाला के राक्षस वाले बयान पर भाजपा ने हमला बोला है। सुरजेवाला के बयान के बाद भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस जनता को श्राप देकर मारने की बात कहती है, लेकिन जनता ये बर्दाश्त नहीं करेगी। रणदीप सुरजेवाला के राक्षस वाले बयान पर भाजपा ने हमला बोला है। सुरजेवाला के बयान के बाद भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस जनता को श्राप देकर मारने की बात कहती है लेकिन जनता ये बर्दाश्त नहीं करेगी। शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपनी सारी हदें पार कर दी हैं और अब भी अहंकार में जी रही है। शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपनी सारी हदें पार कर दी हैं। पूनावाला ने कहा कि 'अफजल गुरु' को 'अफजल गुरु जी' और उनकी पार्टी के सदस्य 'ओसामा' को 'ओसामा जी' कहने वाले रणदीप सुरजेवाला ने अब भारतीय मतदाताओं को गाली देना शुरू कर दिया है. कांग्रेस पार्टी विदेशी धरती पर कहती है कि लोकतंत्र मर गया है और 'भारत माता' की हत्या हो गई है। रणदीप सुरजेवाला ने कहा है कि वोट देने वाले मतदाताओं का स्वभाव राक्षसों जैसा होता है, तो अब वह बीजेपी को वोट देने वाले कम से कम 23 करोड़ लोगों को राक्षस बता रहे हैं। लोकतंत्र में नागरिक भगवान का रूप होते हैं, लेकिन कांग्रेस उन्हें राक्षस कह रही है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस किस अहंकार में जी रही है, वे पीएम, ओबीसी, लोकतांत्रिक संस्थानों को गाली देते हैं और अब उन्होंने नागरिकों का गाली दी है।ने हरियाणा स्थित कैथल के प्राचीन स्थल भाई उदय सिंह किले पर आयोजित जनसभा में आज एक विवादित बयान देते हुए कहा था कि भाजपा को वोट देने वाले और भाजपा समर्थक राक्षस प्रवृत्ति के व्यक्ति होते हैं। उन्होंने कहा कि मैं महाभारत की इस धरती से उनको श्राप देता हूं।

# अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर किया युवाओं को प्रेरित

**(आधुनिक समाचार सेवा) . नोएडा।** वैश्विक स्तर पर **युवाओं** के उत्थान के लिए समर्पित संस्था ग्लोबल यूथ पीस कमिट्टी द्वारा ढाका रोड हरिजन सेवक संघ मे ठ अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवसठ के अवसर पर ₩20 टॉक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत मुख्य



अतिथि के रूप में आदरणीय डॉ. अबेद एलराजेग अबू जज़ेर (काउंसलर, एंबेंसी ऑफ पैलेस टाइन) और वक्ता के रूप में श्री संजय राय ( सचिव, हरिजन सेवा संघ), श्रद्धा सैक्सेना (वकील, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया), जस्टिन एंथोनी (संस्थापक, नोबल सिटीजन फाउंडेशन) गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्रज श्रीवास्तव (अध्यक्ष, ग्लोबल यथ पीस कमिट्टी) ने युवाओं को कनेक्टिंग इंडिया थीम के अंतर्गत प्रेरित करते हुए बताया कि अगर देश आग्मी भाविष्य एकजुट हो जाए तो लोकल टू ग्लोबल के माध्यम से भारत देश का विकास एक अलग राह बना सकता है। संजय राय जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की विचारधारा पर भाव व्यक्त करते हुए कहा कि आज का युवा ही देश का आने वाला भाविष्य है यदि इन्हे बेहतर विचारों के साथ बेहतर दिशा प्रदान की जाए तो आने वाला भारत देश का कल अत्याधिक उज्ज्वल होता प्रतीत दिखाई देगा। इसी सकारात्मक के सोच के सभी अतिथियों एवम बच्चों के साथ मिलकर पौधरोपण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर अविवकाश अंसारी, समीक्षा श्रीवास्तव, मनीष माथुर, सिमोन सिंह, अंजलि, शकीरा बानो, अली अंसारी, काव्या, विदिशा, दीपक, पिंक एव अभिषेक व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## सतना परसमनिया में चरवाहे पर भालुओं का हमला, पेड़ में चढ़कर बचाई जान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।** जिले के परसमनिया के जंगल में मवेशी चराने गए ग्रामीण पर भालुओं ने हमला कर दिया। घटना में चरवाहा जख्मी हुआ है। उसे इलाज के लिए उचेहरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उचेहरा थाना के ग्राम बिहटा निवासी रामनाथ कोल पिता रामकिशोर कोल पर जंगल मे भालुओं ने हमला कर दिया। रामनाथ अपने मवेशी चराने परसमनिया पहाड़ के महाराजपुर घाट की तरफ गया था। वह मवेशियों को चरने के लिए छोड़कर हमेशा की तरह बेफिक्र अंदाज में बैठा था, तभी एक साथ झाड़ियों से बाहर आए दो भालुओं ने उस पर आक्रमण कर दिया। भालुओं ने उस पर अपने पंजों से हमला किया और अपनी गिरफ्त में ले लिया। लेकिन रामनाथ ने भी हिम्मत दिखाई और संघर्ष करता रहा। झटके से जैसे ही वह भालुओं के चंगुल से छूटकर सीधे पेड़ पर जा चढ़ा झटके से जैसे ही वह भालुओं के चंगुल से छूटकर सीधे पेड़ पर जा चढ़ा। वह काफी देर तक पेड़ पर बैठा रहा और भालू नीचे मौजूद रहे। भालुओं के जाने के बाद वह किसी तरह नीचे उतरा और भाग कर सीधे अपने गांव पहुंचा। रामनाथ के शरीर मे कई जगह गहरे जख्म हुए हैं। उसका इलाज उचेहरा के शासकीय अस्पताल में चल रहा है। बता दें कि सतना के जंगलों में वन्य प्राणियों की बहुलता है। परसमनिया के जंगल कल्दा पठार के जरिए पन्ना टाइगर रिजर्व से भी जुड़ते हैं। यहां टाइगर का भी मूवमेंट होता रहता है और तेंदुए जैसे हिंसक जीव भी नजर आते रहते हैं।

## भारत जागरूक नागरिक संगठन ने पार्क में वृक्षारोपण किया

**(आधुनिक समाचार सेवा) . नोएडा।** रोहिणी के सेक्टर 30 के सीटू पॉकेट के डीडीए पार्क में भारत नागरिक भारत जागरूक नागरिक संगठन के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया त् संस्था के अध्यक्ष शैलेंद्र वर्णवाल ने कहा कि वृक्षारोपण के लिए वृक्ष डीडीए के हॉर्टिकल्चर विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया त् वृक्षारोपण कार्यक्रम में पौधे लगाने के साथ-साथ निवासियों एवं कार्यकर्ताओं को पौधे संरक्षित करने के तरीके के बारे में बताया गया एवं संकल्प लिया गया कि वह पौधों को जीवित रखने में हर संभव सहायता करेंगे कार्यक्रम में बच्चों को बच्चों में तिरंगा वितरण किया गया एवं उन्हें स्वतंत्रता संग्राम के बारे में जानकारी दी गई । आज के कार्यक्रम में शैलेंद्र वर्णवाल सीमा राय आरिणी राय वर्णवाल मांगेराम संजय जी आशा बरनवाल सर्वेश कुमार आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।



## सेक्टर 134 में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा) . नोएडा।** सेक्टर 134 स्थित जेपी ग्रीन विश टाउन सोसायटी द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस रविवार को ढोल नगाड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा सेक्टर 134 जेपी ग्रीन विश टाउन सोसायटी में घूमती हुई पुनः क्लासिक आर्केड मार्केट के पास कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा के दौरान सेक्टर की महिलाओं ने कलश अपने सिर पर धारण कर नाचते गाते वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कलश यात्रा के उपरांत मंत्रोच्चार के बीच पुराण पूजन एवं व्यास जी का तिलक कर पूजन किया गया। कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास डॉक्टर निधि तेलंग ने भागवत माहात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि जब कोटि जन्मों का पुण्य उदय होता है तब जाकर हमें श्रीमद्भागवत कथा सुनने को मिलती है। कथा के श्रवण मात्र से हमारे मेरु पर्वत के समान पापों का शमन हो जाता है। इसलिए जीवन में हमेशा नेक कार्य करते रहना चाहिए। परोपकार की भावना हमारे जीवन को श्रेष्ठता प्रदान कर भगवान के निकट ले जाने का कार्य करती है वहीं दुर्व्यसन हमें पतन की ओर ले जाते हैं। कथा व्यास डॉ निधि तेलंग ने आगे परीक्षित एवं नारद चरित्र आदि प्रसंगों की कथा सुनाई । इस अवसर पर समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे , के के मिश्रा, राजेंद्र शर्मा, टी आर शर्मा, आशुतोष पांडेय, अशोक कक्कड़, मेहरा जी, सुभाष तैलंग सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

## है मोहब्बत इस वतन से अपनी मिट्टी से हम

**(आधुनिक समाचार सेवा) . नोएडा।**वेस्ट स्थित देविका गोल्ड होम्स सोसाइटी में देविका वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक प्रेम भाई चारा और सद्भावना के प्रति जागरूकता की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे देविका वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक दीपक दूबे ने सोसाइटी की



संध्या में बच्चों ने अदभुत समां बांधा , इस कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति से ओत प्रोत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बच्चों को देश के प्रति समर्पण निष्ठा और अपनी स्वतंत्रता के साथ साथ दूसरों के स्वतंत्रता का कैसे सम्मान ही इसपर व्यक्तव दिया तो वही विशिष्ट अतिथि नेफोमा के अध्यक्ष अन्नू खान ने ओर से सबका धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के चंदन तिवारी, कपिल, अभिषेक, एम एस रावत, अरविंद पांडे, आनंद सिंह, मुकुल मिश्रा, अमित सिंह, राजीव, आशीष कुलकर्णी, चंद्रशेखर गुप्ता, ब्रजेश कुमार, बी के उपाध्याय, कमल, थापा, शीबानंद पाढ़ी, श्रीस पांडेय आदि का विशेष योगदान रहा । कार्यक्रम का बेहद सफल संचालन वर्षा मिश्रा एवं रिद्धिमा द्विवेदी ने किया।

## यमुना नदी की सफाई के माध्यम से दिया - जल एवं पर्यावरण संरक्षण संदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा) . नोएडा।**स्वच्छ यमुना मिशन -जल एवं पर्यावरण संरक्षण वाईएसएस फाउंडेशन द्वारा आज कालिंदी कुंज संरक्षण के बारे में जागरूक कर आवश्यक जानकारी दी। स्थानीय लोगों को बताया कि जल और पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें



यमुना तट की सफाई की गई। इस सफाई अभियान में संस्था के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अभियान में प्लास्टिक, मेडिकल वेस्ट, कागज, धातु और अन्य कचरे को इकट्ठा किया गया. इस सफाई अभियान का उद्देश्य लोगों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है संस्था के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि जल और पर्यावरण हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हमें इनके संरक्षण के लिए सभी संभव प्रयास करने चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्लास्टिक और अन्य कचरे को नदी में न बहाएं और उन्हें कूड़ेदान में डालें। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर जल एवं पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बना सकते हैं. सफाई अभियान के बाद संस्था के सदस्यों ने लोगों को जल एवं पर्यावरण क्या क्या कदम उठाने चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जल का संरक्षण करें, पेड़ लगाएं और प्रदूषण को रोकें।इस सफाई अभियान को सफल बनाने में स्थानीय लोगों का भी भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने संस्था के सदस्यों के साथ मिलकर यमुना घाट को साफ किया। उन्होंने कहा कि वे इस तरह के अभियानों में हमेशा सहयोग करेंगे।जल एवं पर्यावरण संरक्षण संस्था का यह सफाई अभियान एक सराहनीय पहल है. यह अभियान लोगों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में मदद करेगा। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश कुमार, संदीप यादव, दीपक मिश्रा, तेजस गुप्ता, आदित्य, अमन, नंदन, वंदना वर्मा, प्रिया वर्मा, सुशील कुमार और राज आदि सदस्य सम्मिलित रहे।

## 'जिनका जीवन देश के बंटवारे की बलि चढ़ा, उनको मेरा नमन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' है। विभाजन




के दौरान देश में जान गंवाने वाले लोगों को याद करने और उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए ये दिन रखा गया है। इस बीच पीएम मोदी और अमित शाह ने जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी हैं। देश में आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। विभाजन के दौरान देश में जान गंवाने वाले लोगों को याद करने और उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए ये दिन रखा गया है। इस बीच पीएम मोदी और अमित शाह ने जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी है। पीएम ने कहा कि जिन लोगों की विस्थापन में जान गईं उनको मैं शत-शत नमन करता हूं।

## सतना में धान खरीदी केंद्र में कंकर-पत्थर मिलाकर बढ़ाया गया धान की बोरी का वजन, करीब 63 लाख रुपये का सरकार को लगा चूना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।** सतना जिले के शिवराजपुर धान खरीदी केंद्र में कंकड़-पत्थर और मिट्टी- रेत मिलाकर धान का वजन बढ़कर करीब 63 लाख रुपए की राशि का गबन किया गया था. इस जाल-साजी को रचने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और दो अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है. यह मामला सिंगापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवराजपुर ग्राम धान खरीदी केंद्र का है.शिवराजपुर धान उपार्जन केंद्र में समिति के अध्यक्ष और कर्मचारियों के द्वारा धान में कंकड़-पत्थर, मिट्टी-रेत मिलाकर उसका वजन बढ़ाया गया और इससे करीब 63 लाख रुपए की राशि का घोटाला किया गया. इस घोटाले को लेकर मां वैष्णो देवी स्व सहायता समूह के धान उपार्जन केंद्र की समिति के अध्यक्ष के खिलाफ खाद्य आपूर्ति विभाग ने सिंगापुर थाने में मामला दर्ज कराया है. आरोप है कि समिति की महिला अध्यक्ष सुषमा लोनिया और अन्य सदस्यों के द्वारा दिनांक 17 सितंबर 2022 से 16 जनवरी 2023 तक अमानक स्तर के धान की खरीदी की गई है, जिसमें धान की बोरी के अंदर कंकड़-पत्थर, मिट्टी- रेत मिलाकर बोरियों का वजन बढ़ाया गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था. वीडियो वायरल होने के बाद खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा मामले की जांच की गई. दो आरोपी गिरफ्तार, अन्य फरारः खाद्य आपूर्ति विभाग की जांच में यह सामने आया कि 15 हजार 440 बोरी धान में कंकर-पत्थर और मिट्टी-रेत मिलकर शासन को करीब 63 लाख 3 हजार 600 रुपये की क्षति पहुंचाई गई. पुलिस ने इस मामले पर मां वैष्णो देवी को सहायता समूह के समिति अध्यक्ष सहित चार लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी, जिनमें से दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. दोनों को पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में पेश किया है, जहां से दोनों आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच गये हैं. अन्य फरार आरोपी हैं, समिति अध्यक्ष सुषमा लोनिया और विनीत पांडेय जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

## प्रियंका गांधी वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ें, पीएम मोदी के खिलाफ उनकी जीत तय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए राजनैतिक बयानबाजियां जोरों पर



चल रही हैं। सभी दल अपनी रणनीति तैयार करने में जुटे हैं। चुनाव में लगभग एक साल का वक्त है। इस बीच शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने रविवार (13 अगस्त) को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कही।

देश में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए राजनैतिक बयानबाजियां जोरों पर चल रही हैं। सभी दल अपनी रणनीति तैयार करने में जुटे हैं। चुनाव में लगभग एक साल का वक्त है। इस बीच शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने रविवार (13 अगस्त) को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कही।

सांसद संजय राउत ने कहा, ठअगर प्रियंका गांधी वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लड़ती हैं तो उनकी जीत तय है। वाराणसी के लोग प्रियंका गांधी को चाहते हैं। रायबरेली, वाराणसी और अमेठी की लड़ाई बीजेपी के लिए मुश्किल है।ठ बता दें कि वाराणसी से अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सांसद हैं, अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी सांसद हैं और राय बरेली से वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी सांसद हैं। पूरा देश राहुल गांधी के साथ खड़ा होगा- राउत संजय राउत ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए एक बयान में ये बात कही है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने कहा, ठअगर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाराणसी से चुनाव लड़ती हैं तो प्रधानमंत्री के लिए लोकसभा सीट निकालना मुश्किल होगा।

100 Years of Glorious service in Dairy education

ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2023-24

WARNER COLLEGE OF DAIRY TECHNOLOGY

Sam Higginbottom University of Agriculture, Technology and Sciences (SHUATS), Prayagraj (Allahabad), U.P.- 211007 (India)

OBJECTIVES
- To create Dairy and Food Technologist to address technical and management problems of Dairy and Food industry.
- To develop technical abilities and interpersonal skills.
- To develop entrepreneurship knowledge and skills in establishing and managing Dairy and Food industries.

DEPARTMENTS
- Dairy Technology
- Dairy Engineering
- Dairy Chemistry
- Dairy Microbiology
- Dairy Trade & Business Management

| | PROGRAMMES | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma | IDD (Dairy Technology) | 2 Years |
| | Dairy Food Safety and Quality | 1 Year |
| | Dairy Food Analysis and Quality Management | |
| UG | B. Tech. Dairy Technology | 4 Years |
| | B.Sc. (Hons.) Food Technology | |
| PG | M.Tech./ M.Sc (Dairy Technology) | 2 Years |
| | M.Tech. (Dairy Engg) | |
| | M.Tech./ M.Sc (Dairy Chemistry) | |
| | M.Tech./ M.Sc (Dairy Microbiology) | |
| | M.Sc. (Food Science and Technology) | |
| | M.Sc. (Dairy Economics/Dairy Extension) | |
| | M.B.A. (Dairy Business Management) | |

Elite Features
- State-of-the-art classrooms with LCD projectors.
- Around 500 books in college library.
- Industrial Training and Experiential Learning Module.
- High Tech Research Labs.
- Student Dairy plant for hands on training
- Wi-Fi facility available in college premises.
- Separate hostel facility for boys and girls.



STUDENTS PLACEMENT

National Dairy and Food Plant
- Amul Dairy
- Mother Dairy
- Lactalis
- Nestle S.A.
- Hatsun Agro Product
- Perfetti van Melle
- Heritage Foods Limited
- Gyan Dairy
- Namaste India
- Parag Dairy
- Paras Dairy
- Sudha Dairy

International Dairy and Food Plant
- International Foodstuffs Co. (IFFCO), Dubai
- Al-Ain (Dubai)
- Al-Rawabi (Dubai)
- National Food Plant, UAE

Government and Public Sector
- Dairy Development Officer
- FSSAI, AGMARK, BIS, BIS
- Banking sector

Some Distinguished Alumni
- Harshev Singh, CEO, Reliance Dairy Foods Ltd.
- S.P. Verma, Vice President, Bhole Baba Milk Food Industries, Rajasthan
- M.K. Shukla, DDO, Govt of U.P.
- G.P. Tiwari, GM, CP Milk Foods Ltd, Lucknow
- M.N. Dwivedi, MD, Sudha Dairy, Samastipur
- S.M. Ghouse, Head, Plant operations, Al-Rawabi Dairy, UAE
- Shailendra Kumar, Dy. Manager (HR), Mother Dairy, Delhi
- T.V. Rao, Dairy Advisor, USA

Contact
Prof.(Dr.) JohnDavid
Dean, Warner College of Dairy Technology, SHUATS, Prayagraj, UP- 211007 (India)
Email: sdean_dairy @shiats.edu.in
Mob No: +917565937730/ +91 9453226735

## ग्रैंड फिनाले में रोमांटिक डांस परफॉर्मेंस से इस कपल ने बांधा समा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 2' का ग्रैंड फिनाले अब से कुछ ही घंटो की दूरी पर है। आज रात देश को इस रियलिटी शो का अगला कुछ घंटो बाद ही अपना विनर मिल जाएगा। एल्विश यादव अभिषेक मल्हान पूजा भट्ट बेबिका ध्रुव और मनीषा रानी में से कोई एक शो की ट्रॉफी ले जाएगा। ग्रैंड फिनाले में डांस की एक क्लिप वायरल हुई है। इसके अलावा जद हदीद, अकांक्षा पुरी, जिया शंकर जैसे एक्स कंटेस्टेंट्स भी परफॉर्मेंस देंगे। इन सबमें अविनाश सचदेव (न्हैप् ऐम्प्) ये दोनों 'कोई आए तो ले जाए' गाने पर परफॉर्म करने वाली हैं। उधर, अभिषेक मल्हान फिनाले से पहले हॉस्पिटलाइज हो गए हैं। इसलिए उनका फिनाले में परफॉर्म करना मुश्किल




विनर मिल जाएगा। वोटिंग लाइन्स ओपन हैं। फैंस अपने फेवरेट कंटेस्टेंट को जिताने के लिए मल्टीपल टाइम्स वोट कर रहे हैं। वहीं, फिनाले की रात को यादगार बनाने के लिए मेकर्स ने 'बिग बॉस ओटीटी 2' को स्पेशल परफॉर्मेंस के साथ खत्म करने की योजना बनाई है। कंट्रोवर्शियल रियलीटी शो बिग बॉस ओटीटी को अगले काफी कुछ खास होने वाला है। बिग बॉस ओटीटी 2 की आखिरी रात को यादगार बनाने के लिए कई स्पेशल परफॉर्मेंस दी जाएंगी। बिग बॉस ओटीटी 2' के ग्रैंड फिनाले में एक्स कंटेस्टेंट्स की परफॉर्मेंस के साथ ही कुछ अन्य सिलेब्रिटीज की परफॉर्मेंस भी देखने को मिलेगी। ग्रैंड फिनाले में टोनी कक्कड़ परफॉर्म करेंगे। मनीषा रानी के साथ उनके और फलक नाज भी डांस परफॉर्मेंस देने वाले हैं। फलक और अविनाश फिनाले में एक्शन भरा रोमांटिक डांस परफॉर्म करेंगे। ये दोनों 'ये जवानी है दीवानी' पर डांस करने वाले हैं। इनके डांस की एक झलक सामने आ चुकी है। इसके अलावा बेबिका ध्रुवे (ग्ि अेल्न) और पूजा भट्ट (इद्दर्दे पू) डांस परफॉर्मेंस में भी एक दूसरे को टक्कर देती नजर आएंगी। हो गया है। कब और कहां देख सकेंगे ग्रैंड फिनाले बिग बॉस ओटीटी 2' का ग्रैंड फिनाले जिया सिनेमा पर आज शाम 7 बजे से शुरू हो जाएगा। शो में आयुष्मान खुर्राना और अनन्या पांडे के आने की खबर है। ये दोनों 'ड्रीम गर्ल 2' के प्रमोशन के लिए आ सकते हैं। इसके अलावा शाह रुख खान और दीपिका पादुकोण के भी फिनाले में शिरकत करने की चर्चा है।

## जेलर' ने मचाया गदर, रजनीकांत की फिल्म ने 4 दिनों में छापे इतने करोड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत का दमखम पूरी दुनिया ने देखा है। अपने अभिनय से उन्होंने कई धुरंधरों को धूल चटाई है। रजनीकांत की ली है। थिएटर्स में रजनीकांत की फिल्म का जलवा थलाइवा रजनीकांत फिल्म जेलर से लोगों का दिल जीत रहे हैं। मूल रूप से तमिल एंटरटेनर इस मूवी को तेलुगू, कन्नड़, मलयालम



और हिंदी भाषा में भी रिलीज किया गया है। थिएटर्स में लोगों की भारी भीड़ इस बात का सबूत दे रही है 72 वर्षीय रजनीकांत को देखने के लिए आज भी लोगों की दीवानगी कायम है। कम से कम आंकड़े तो यही बता रहे हैं। 'जेलर' ऐसे समय में रिलीज हुई है, जब सनी देओल की 'गदर 2' बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। इस फिल्म की आंधी में रजनीकांत की फिल्म टिकट विंडो पर अच्छा प्रदर्शन कर पाने में कामयाब रही है। फिल्म 10 अगस्त को रिलीज हुई थी और चार दिनों के अंदर ही 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर 300 करोड़ पार हुई फिल्म नेल्सन दिलीप कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म जेलर ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर जहां 150 करोड़ तक की कमाई कर ली है, तो वहीं दुनियाभर में 300 करोड़ तक की कमाई कर ली है। फिल्म क्रिटिक रमेश बाला के अनुसार, मलेशिया में यह हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन चुकी है।

## एल्विश यादव हुए रोमांटिक मनीषा को सुनाई शायरी


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 को कुछ घंटों में अपना विनर मिलने वाला है। पिछले कई हफ्तों से कंटेस्टेंट घर-परिवार से दूर शो में जीतने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी 2 का विजेता बनने के लिए पांच खिलाड़ी मुकाबला कर रहे हैं। इनमें एल्विश एरिया में बैठे हुए हैं। एल्विश यादव ने बेहद रोमांटिक अंदाज में मनीषा रानी को शायरी सुनाते हुए कहा, तेरे शहर, तेरे जिंदगी दे विच दिन आखिरी है मेरा... आज तो बाद तेनु चेहरा दिखना नहीं मेरा... मैं इश्क कित्ता सी, ते तू व्यापार कित्ता सी... गलती तेरी नहीं, मेरी है कि तू नहीं मैं तेनु प्यार कित्ता... मुड़कर



यादव, अभिषेक मल्हान, मनीषा रानी, बेबिका धुर्वे और पूजा भट्ट का नाम शामिल है। बिग बॉस ओटीटी 2 का ग्रैंड फिनाले कुछ ही देर में शुरू होने वाला है। कई हफ्तों के लंबे सफर के बाद शो अब अपने फिनाले में पहुंच चुका है। विजेता बनने की रेस में एल्विश यादव अभिषेक मल्हान मनीषा रानी बेबिका धुर्वे और पूजा भट्ट बने हुए हैं। ये सभी बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 के टॉप 5 फाइनलिस्ट हैं। बिग बॉस ओटीटी 2 ग्रैंड फिनाले से पहले शो का एक वीडियो बाहर आया है। वीडियो में एल्विश यादव, मनीषा रानी को रोमांटिक शायरी सुनाते हुए नजर आ रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी 2 के इस प्रोमो को मेकर्स ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में एल्विश यादव और मनीषा रानी गार्डन जरा इधर भी देख जालिम कि तमन्ना हम भी रखते हैं... हुस्न तेरे पास है तो क्या, दिल हम भी रखते हैं। बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 फिनाले की बात करें तो शो का ग्रैंड फिनाले 14 अगस्त को होने वाला है। इसके साथ ही शो के इस सीजन का विनर भी मिल जाएगा। फिनाले में बिग बॉस ओटीटी के सभी कंटेस्टेंट्स अपनी स्पेशल परफॉर्मेंस भी देंगे। हालांकि, इनमें अभिषेक मल्हान शामिल नहीं होंगे। हाल ही में जानकारी सामने आई थी कि तबियत खराब होने की वजह से अभिषेक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वोटिंग ट्रेंड की बात करें तो बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 जीतने की रेस में सबसे आगे एल्विश यादव चल रहे हैं। वहीं, उनके बाद दूसरे नंबर पर अभिषेक मल्हान हैं।

## फिल्मों में अपना डांस लेकर आए थे शम्मी कपूर, पढ़िए कहां से मिला उनको ये अंदाज


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आपने फिल्म 'हंसी तो फंसी' का ये गाना तो सुना ही होगा 'शेक इट लाइक शम्मी'। जब भी उनकी फिल्मों के गाने बजते



हैं, हम अपने शरीर को शम्मी स्टाइल में थिरकाए बिना नहीं रह पाते। शम्मी कपूर ने अपने पांच दशक लम्बे करियर में 200 से अधिक फिल्मों में काम किया। शम्मी कपूर को बॉलीवुड की दुनिया में रोमांस का बादशाह कहा जाता था। उन्होंने अपने अनोखे डांस स्टाइल से अपनी खास पहचान बनाई। दिग्गज अभिनेता ने कभी डांस नहीं सीखा था मगर उनके डांस मूव्स आज भी फेमस हैं और इनका एक अलग अंदाज है। चाहे कोई मुझे जंगली कहे' से लेकर 'बदन पे सितारे' तक, ये गाने शम्मी के डांसिंग स्टाइल के लिए आज भी लोकप्रिय हैं। उनके स्टाइल को कभी रिप्लेस नहीं किया जा सकता है। शम्मी कपूर और उनका आइकॉनिक डांस सबसे अलग और हटकर था। जब भी कोई शम्मी कपूर को याद करता है, तब उनका डांस स्टाइल जरूर जहन में आता है। दिल खोलकर नाचने का अंदाज, हवा में हाथ फैलाना, संगीत की धुन पर अपना सिर हिलाना और बहुत एनर्जी के साथ कदमों को थिरकाना, यही शम्मी स्टाइल है। शम्मी कपूर का पहला डांस स्टाइल 1957 में नसीर हुसैन द्वारा निर्देशित फिल्म 'तुमसा नहीं देखा' में नजर आया था।उस दौर की फिल्मों में गाने तो बहुत हुआ करते थे, लेकिन हीरो पर्दे पर नाचने से परहेज करते थे, लेकिन शम्मी कपूर के आने से सब कुछ बदल गया, उनके अभिनय की तो सराहना हुई ही, साथ ही वो अपनी डांसिंग स्टाइल के लिए भी मशहूर हो गए। शम्मी कपूर ने हिंदी फिल्म हीरो की धारणा को उदास और गंभीर से मजेदार और खुशमिजाज में बदल कर रख दिया। शम्मी कपूर ने डांस कभी नहीं सीखा बचपन से ही शम्मी डांस के शौकीन थे, लेकिन उन्होंने कभी इसके लिए ट्रेनिंग नहीं ली थी। निर्देशक, अभिनेताओं को डांस सिखाने के लिए कोरियोग्राफरों पर निर्भर रहते थे, मगर शम्मी कपूर पूरी तरह से नैचुरल थे और उन्हें कभी इसकी जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने एक सप्ताह तक टैंगो क्लासेज लेने की भी कोशिश की थी, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि डांस उनके अंदर से आता है और वह इसके लिए किसी को फॉलो नहीं कर सकते या क्लास लेकर नहीं सीख सकते। उन्हें कोई कोरियोग्राफर नहीं सिखा सकता। उनके मशहूर स्टेप्स से प्रेरणा मिलती थी। तीसरी मंजिल के निर्देशक विजय आनंद ने एक बार खुलासा किया था कि शम्मी कपूर ने कभी खुद को डांसर नहीं माना या कभी डांस सीखा ही नहीं, लेकिन जब भी म्यूजिक बजता था तो वह अपने अंदाज में झूमने लगते थे। उनका स्टाइल गाने के सुर-ताल से मेल खाता और उनके गाने देखने लायक बन जाते। डांस और अंदाज से पत्नी गीता को किया इम्प्रेस उनके पीछे ना सिर्फ इंडस्ट्री और फैंस दीवाने थे, बल्कि शम्मी ने अपनी अदाओं से अपनी पत्नी गीता बाली को भी खूब इम्प्रेस किया था। गीता उस वक्त शम्मी से भी बड़ी स्टार थीं। जब वे रानीखेत में 'रंगीन रातें' (1956) फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, तो दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया। गीता को उनका स्वभाव, व्यक्तित्व और निश्चित रूप से उनका एक अलग अंदाज बहुत पसंद आया। शम्मी कपूर के साथ तालमेल बिठाने के लिए मोहम्मद रफी ने गानों में एक अलग ही एनर्जी डाल दी थी। शम्मी पर फिल्माए गए ज्यादातर गाने मोहम्मद रफी ने गाए थे। रफी, जो अपने रोमांटिक गीत और मध्यम लय के लिए जाने जाते थे, उन्होंने शम्मी के लिए अपने अंदाज को उनके मैनेरिज्म के सुर-ताल में ढाल लिया था। रफी ने शम्मी की एनर्जी के साथ अपने स्टाइल को मैच किया और अपने गाने के अंदाज को बदला। देखा जाए तो अपने अन्य गानों से अलग हटकर रफी ने अपनी आवाज को शम्मी के अंदाज से मिलाने की कोशिश की थी। इसे लोकप्रिय गीत 'चाहे कोई मुझे जंगली' में देखा जा सकता है, जहां यह गाना उतना ही एनर्जेटिक है, जितना शम्मी का अंदाज। डांसिंग के गुरू कोरियोग्राफर प्रभुदेवा भी शम्मी कपूर की तारीफ करते नहीं थकते। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में उनके डांस की खूब तारीफ की थी। उन्होंने कहा था- शम्मी का अनोखा अंदाज और उनके स्टेप्स हर जेनरेशन को आकर्षित करने में कामयाब रहा है। भले ही आज वो हमारे बीच ना हों, लेकिन उनके गाने और उनका स्टाइल आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय है और यही बात है, जो उन्हें अमर बनाती है।

## निक जोनस के कॉन्सर्ट पर प्रियंका की आंखों से बहे आंसू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। इन पति निक जोनस के वर्ल्ड टूर पर हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है जिसमें वह अपनी आंखें पोंछती हुई



दिनों ग्लोबल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा कई हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। फिल्मों के अलावा देसी गर्ल आए दिन किसी न किसी वजह से सोशल मीडिया पर चर्चा में आ ही जाती हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा अब एक ग्लोबल आइकॉन बन चुकी हैं। वह जो भी करती हैं तुरंत ही चर्चा में आ जाता है। फिलहाल प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती के संग नजर आ रही हैं। इन दिनों वह अपनी लाडली मालती मैरी जोनस चोपड़ा संग अपने पति निक जोनस के साथ उनके वर्ल्डटूर पर उन्हें चीयर कर रही हैं। जोनस ब्रदर्स के कॉन्सर्ट की शुरुआत शनिवार को न्यूयॉर्क के यांकी स्टेडियम से हुई। निक जोनस के लाइव कॉन्सर्ट से प्रियंका का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपनी आंखें पोंछती हुई नजर आ रही हैं। प्रियंका चोपड़ा की आंखों से निकले आंसू प्रियंका चोपड़ा के साथ-साथ उनकी भाभी डेनियल जोनस और सोफी भी 'जोनस ब्रदर्स' के लाइव कॉन्सर्ट को अपना समर्थन देते हुए नजर आए। हाल ही में ट्विटर पर सोफी टर्नर ब्राजील नामक एक फैन क्लब ने ट्विटर पर देसी गर्ल का एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह अपने पति निक जोनस को चीयर अप करती हुई नजर आ रही हैं, लेकिन इसी के साथ वह अपनी आंखों से आंसू पोंछते हुए भी दिखाई दे रही हैं। उनकी इस वीडियो को देखने के बाद फैंस काफी परेशान हो गए हैं। प्रियंका चोपड़ा को रोते हुए देखकर सोशल मीडिया पर फैंस उनसे उनके भावुक होने का कारण पूछ रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, ठक्या हुआ पीसीठ। दूसरे यूजर ने लिखा, ठप्रियंका आप इतनी दुखी क्यों हो रखी होठ। आपको बता दें कि प्रियंका चोपड़ा ने इससे पहले निक जोनस की एक फोटो अपनी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट की थी, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा था, ठमेरा दिल..मुझे तुम पर बहुत गर्व है निक जोनसठ। प्रियंका चोपड़ा के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह जल्द ही जॉन सीना के साथ फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में नजर आएंगी। इसके अलावा वह अमेजन प्राइम की सीरीज 'सिटाडेल-2' की भी तैयारी कर रही हैं।

## सबसे पॉपुलर खिलाड़ी शो से हुआ बाहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी का स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 में कंटेस्टेंट्स जान की बाज लगा रहे हैं। अब



तक शो में खिलाड़ी कई खतरनाक टास्क का सामना कर चुके हैं। टीवी, फिल्म और म्यूजिक इंडस्ट्री से आने वाले 14 सेलेब्स के साथ खतरों के खिलाड़ी 13 की शुरुआत हुई थी। वहीं, अब शो में केवल 10 खिलाड़ी बचे हुए हैं। खतरों के खिलाड़ी 13 में इस हफ्ते एलिमिनेशन के साथ एक कंटेस्टेंट की वाइल्ड कार्ड एंट्री भी हुई है। केकेके 13 के हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट्स के खिलाफ खुद होस्ट रोहित शेट्टी उतर आए। खतरों के खिलाड़ी 13 में इस बार रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। रोहित शेट्टी ने कंटेस्टेंट्स से कहा कि उन सभी को मिलकर टास्क पूरा करना होगा और अगर वो इस काम में सफल हो गए तो इस हफ्ते कोई एलिमिनेशन नहीं होगा। वहीं, अगर वो हार गए तो किसी को हमेशा की तरह केकेके 13 से अलविदा लेना पड़ेगा। इस फेस ऑफ के दौरान सभी कंटेस्टेंट्स ने मिलकर पूरी कोशिश की टास्क जीतने की, लेकिन रोहित शेट्टी का हरा नहीं पाए।रोहित शेट्टी ने टास्क में 6 स्टार्स जीते, जबकि खिलाड़ी केवल 5 स्टार्स ही हासिल कर पाए। इस टास्क में सबसे खराब परफॉर्म करने की वजह से ऐश्वर्या शर्मा और शिव ठाकरे को एलिमिनेशन राउंड में चले गए।

## गदर 2 और ओएमजी 2 के सामने नहीं डगमगाई 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** करण जौहर की फैमिली ड्रामा 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की कमाई की रफ्तार 16वें दिन भी जारी है। फिल्म ने तीसरे शनिवार को अच्छी-खासी कमाई की। 'गदर



2' और 'ओएमजी 2' की कमाई ने 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' पर कुछ खास असर नहीं डाला है। 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई आलिया भट्ट और रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' साल की हिट फिल्मों में से एक हैं। फिल्म ने तीसरे शनिवार को खूब कमाई की। फिल्म क्रिटिक्स तरण आदर्श के मुताबिक, फिल्म ने 16वें दिन 3.70 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। दूसरे शुक्रवार को 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' ने 2.35 करोड़ रुपये कमाये थे। अब तक आलिया और रणवीर की फिल्म ने 126.83 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। गदर 2 और ओएमजी 2 सामने नहीं हिली रॉकी और रानी माना जा रहा था कि मोस्ट अवेटेड रिलीज 'गदर 2' और 'ओएमजी 2' के सामने 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की हालत पस्त हो सकती है, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। इन बड़ी फिल्मों के बावजूद 'रॉकी और रानी' का चार्म दर्शकों के बीच कम नहीं हुआ है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी-खासी कमाई कर रही है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की स्टार कास्टआलिया भट्ट और रणवीर सिंह के अलावा 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में धर्मेंद्र, शबाना आजमी, अंजलि आनंद और जया बच्चन ने भी अहम किरदार निभाया था। फिल्म में शबाना आजमी और धर्मेंद्र के किसिंग सीन ने खूब लाइमलाइट भी बटोरी थी। बात करें फिल्म की कहानी की तो करण जौहर अपने फैमिली ड्रामे के लिए मशहूर हैं। उन्होंने 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में तड़का लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अलग-अलग बैकग्राउंड से ताल्लुक रखने वाले रॉकी (रणवीर) और रानी (आलिया) को एक-दूसरे से प्यार हो जाता है।

## 'जेलर' और 'भोला शंकर' के बाद ओटीटी पर भी तमन्ना का जलवा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** तमन्ना भाटिया इस वक्त सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी तक छायी हुई हैं। इस शुक्रवार सिनेमाघरों में रिलीज हुईं जेलर और भोला शंकर में तमन्ना अहम किरदारों में हैं। जेलर में रजनीकांत तो भोला शंकर में चिरंजीवी के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर रहीं तमन्ना ओटीटी स्पेस में भी जलवा दिखा रही हैं। उनकी नई सीरीज आखिरी सच का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया। यह थ्रिलर सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम की जाएगी। आखिरी सच दिल्ली के बुराड़ी में कुछ साल पहले हुई दहलाने वाली घटना से प्रेरित लगती है, जिसमें एक ही परिवार के सभी सदस्यों ने सामूहिक खुदकुशी कर ली थी। बता दें, इस घटना पर नेटफ्लिक्स ने हाउश ऑफ सीक्रेट्स डॉक्युमेंट्री बनायी थी। आखिरी सच में तमन्ना एक जांच अधिकारी के किरदार में नजर आएंगी, जो इस केस की तफ्तीशकर रही है। ट्रेलर



से जो कहानी सामने आती है, उसके मुताबिक घटनाक्रमों में काफी बदलाव किये गये हैं। कहानी 11 नम्बर के इर्द-गिर्द घूमती है। 11 डेड बॉडीज, घर में दरवाजों और खिड़कियों की संख्या 11, जो कहानी का सस्पेंस बढ़ा रहा है। शक के दायरे में कुछ लोग आते हैं। तमन्ना का किरदार उसी आखिरी सच का पता लगाने की कोशिश कर रहा कि परिवार के 11 लोग आंखों पर पट्टी और हाथ बांधकर एक साथ सुसाइड क्यों करेंगे? कब रिलीज होगी आखिरी सच सीरीज का लेखन सौरव डे ने किया है, जबकि रॉबी ग्रेवाल ने इसका निर्देशन किया है। निर्विकार फिल्म्स ने निर्माण किया है। सीरीज 25 अगस्त से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सीरीज में अभिषेक बनर्जी, शिविन नारंग, दानिश इकबाल, निशु दीक्षित, कृति विज और संजीव चोपड़ा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। तमन्ना के आने वाले प्रोजेक्ट्स में मलयालम फिल्म बांद्रा, तमिल फिल्म अरनमनई 4 और जॉन अब्राहम के साथ हिंदी में 'वेदा' शामिल हैं।

## गदर 2' की सक्सेस से गदगद हुए सनी देओल, बहू द्रिशा आचार्य को इस बात का दिया क्रेडिट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सनी देओल की फिल्म 'गदर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। 'तारा सिंह' के किरदार को इतना प्यार देने के लिए उन्होंने लोगों का दिल से





शुक्रिया अदा किया है। 'गदर 2' ने तीन दिनों में 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर एक माइलस्टोन अचीव किया है। सनी देओल पहले 60 की उम्र के पार वाले ऐसे एक्टर हैं, जिनकी फिल्म ने इतने कम टाइम में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है। हालांकि, सनी देओल 'गदर 2' की सक्सेस के लिए अपनी बहू द्रिशा आचार्य को जिम्मेदार मानते हैं। बहू को दिया क्रेडिट सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने पहले ही दिन 40.10 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे दिन 43.08 करोड़ और तीसरे दिन 52 करोड़ तक की कमाई की है। जिस रफ्तार से फिल्म हर दिन कमाई के आंकड़े छू रही है, उसे देख यह कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म पहले हफ्ते में 200 करोड़ आराम से कमा ले जाएगी।इस फिल्म की सक्सेस ने उन्हें कॉन्फिडेंस दिया है कि ऑडियंस उन्हें इस तरह की और फिल्में करते देखना चाहती है। 'गदर 2' की सक्सेस के लिए सनी देओल ने बहू द्रिशा आचार्य को क्रेडिट दिया है। 'घर की लक्ष्मी' हैं द्रिशा आचार्य एक पोर्टल को दिए इंटरव्यू में सनी देओल ने कहा कि 'घर की लक्ष्मी' द्रिशा आचार्य देओल परिवार के लिए लकी चार्म है। उनके आने के बाद बहुत सी चीजें पॉजिटिव हो रही हैं। पहले सौतेली बहन ईशा देओल के साथ उनके संबंध सुधरे और अब गदर 2 हर ओर चर्चा में बनी हुई है। थिएटर पहुंचे सनी देओल 'गदर 2' के लिए लोगों का लाइव रिएक्शन देखने के लिए सनी देओल और उनके छोटे भाई बॉबी देओल थिएटर पहुंचे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।